
## स्पोर्ट्स कॉर्नर

# वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए बॉलिंग शुरू




पानीपत में शनिवार को पाइट स्कूल में रिकार्ड बालिंग शुरू करने से पूर्व संयुक्त फोटो खिंचवाते खिलाड़ी व अतिथि।-एस

पानीपत, 29 दिसंबर (एस)

पाइट संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल एनएफएल में शनिवार को, क्रिकेट बॉलिंग मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें बंकिम सूद द्वारा 27 घंटे बॉलिंग का रिकॉर्ड बनाने के लिए प्रातः साढ़े 10 बजे शुरुआत की गई। बॉलिंग रिकॉर्ड की ओपनिंग सेरेमनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीजीएम एनएफएल सुनील अरोड़ा ने किया। उनके साथ हरीओम तायल, सुरेश तायल, राकेश तायल तथा बंकिम सूद के पिता डॉ. सुधीर सूद व माता किरण सूद तथा पत्नी मैत्री सूद भी मौजूद रहे। इस रिकॉर्ड के लिये बंकिम सूद ने बताया कि ये मेरा प्रयास है तथा सभी के साथ और आशीर्वाद की जरूरत है। ये वर्ल्ड रिकॉर्ड गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में सब से लंबा बॉलिंग मैराथन का रिकॉर्ड बनने जा रहा है। बताने योग्य है कि बंकिम सूद दोनों हाथों से बॉलिंग करते हैं। ज्ञात हो कि यह कार्यक्रम विशेषज्ञों की निगरानी में चल रहा है और पूरे 27 घंटे के कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग की जा रही है।

दैनिक ट्रिब्यून 30/12/18

PANIPAT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
CENTRAL LIBRARY
P.I.E.T.

# DAINIK BHASHKAR 26/11/2018

### सैकड़ों विद्यार्थी केयू के वाइस चांसलर के अंतिम मौके का उठा सकते हैं लाभ

# केयू ने तीन साल से अधिक पास न होने वाले विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन परीक्षा देने का दिया मौका

भास्कर न्यूज | करनाल

कॉलेज व दूरस्थ शिक्षा से ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन करने वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तीन साल से अधिक विद्यार्थी जो ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन करने से वंछित रह गए। उन विद्यार्थियों के लिए भी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर ने अंतिम मौका परीक्षा पास करने के लिए दिया है। इसके लिए विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी 20 हजार रुपए एडिशनल फीस लेगा। इसके अतिरिक्त विद्यार्थी को परीक्षा की फीस भरनी होगी। इसके लिए विद्यार्थी केयू में नवंबर व दिसंबर 2018, अप्रैल व मई जून 2019 परीक्षा के लिए यूनिवर्सिटी में आवेदन कर सकता है। सैकड़ों विद्यार्थियों ने रिअपीयर आने के कारण ग्रेजुएशन पूरी नहीं की है।

## विद्यार्थी परीक्षा देकर बढ़ा सकते हैं ग्रेजुएशन की प्रतिशत

यदि विद्यार्थी को किसी विषय में कम अंक है, जिसके कारण पास की प्रतिशत कम हो गई है। वे परीक्षा देकर अच्छे अंक से पास कर नेट की परीक्षा दे सकता है। यदि कोई विद्यार्थी तीन साल से रिअपीयर आ रही थे उस विषय में पास नहीं हो पाया है। तो विद्यार्थी केयू की ओर से दिए गए अंतिम मौके का फायदा उठाकर अपनी शिक्षा को पूरा कर सकता है। यूनिवर्सिटी की ओर से कई सालों बाद विद्यार्थियों को परीक्षा पास करने का मौका मिला है। इसके लिए केयू के वाइस चांसलर ने विद्यार्थियों की सैकड़ों की संख्या देखते हुए अंतिम परीक्षा पास करने का मौका दिया है।

### परीक्षा देने के लिए विद्यार्थी केयू से कर सकता है आवेदन

*कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से वाइस चांसलर ने विद्यार्थियों को तीन साल से अधिक विद्यार्थी जो ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन पूरी नहीं कर पाए हो। उन विद्यार्थियों को परीक्षा देने का अंतिम मौका केयू की फीस अनुसार दिया है। विद्यार्थी केयू से अपने परीक्षा आवेदन कर सकता है।* -रामपाल सैनी, प्रधानाचार्य, डीएवी पीजी कॉलेज करनाल।

# DAINIK BHASHKAR 23/11/2018

एजुकेशन प्लस

## पाइट कालेज में सुकेम कम्पनी ने स्थापित की अंतरराष्ट्रीय स्तर की लैब





पानीपत। पाइट कालेज एवं सुकेम कम्पनी के मध्य हुए एम.ओ.यू. के अन्तर्गत सुकेम कम्पनी ने पाईट कालेज में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशाला स्थापित की। यह प्रयोगशाला इंटरऐक्टिव कम्पनी के सहयोग से स्थापित की गयी। जिसका उद्घाटन सुकेम कम्पनी के मार्केटिंग हेड राहुल सिन्हा, सदस्य बी.ओ., राकेश तायल, शुभम तायल एवं निदेशक डॉ. शक्ति सिंह द्वारा किया गया। यह प्रयोगशाला आधुनिक तकनीक पर आधारित होगी।

इस लैब का मुख्य उद्देश्य पाइट कालेज एवं अन्य कालेजों के छात्रों को नवीनतम तकनीकी द्वारा सोलर ऊर्जा के विषय में शोध का कार्य में सहायता प्रदान करना होगा। भारत सरकार देश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। यह लैब इसी क्रम में सौर ऊर्जा के उपयोग एवं अनुसंधान में सहायता प्रदान करेगी। इस अवसर पर डीन एकेडमिक डॉ. डी.पी.एस. चौहान, एस.के.खन्ना, डॉ. निधि सिंघल, डॉ. बी.बी. शर्मा, डॉ. देवेन्द्र प्रसाद, सुनील दुल, अमित दुबे, दिनेश वर्मा, डॉ. योगेन्द्र कटारिया, स्वाति गुप्ता, रतनदीप अनेजा, नवीन वशिष्ट, डॉ. प्रदीप शर्मा एवं अन्य शिक्षक एवं छात्र अर्पित, निधि, याशु रानी उपस्थित रहे।

# HARIBHOOMI 23/11/2018

न्यूज डायरी

## पाइट कॉलेज में सुकेम कंपनी ने स्थापित की लैब



पानीपत। पाइट कॉलेज में प्रयोगशाला का शुभारंभ करते हुए अतिथि। फोटो :हरिभूमि


पानीपत। पाइट कालेज एवं सुकेम कंपनी के मध्य हुए एमओयू के अन्तर्गत सुकेम कंपनी ने पाइट कालेज में वीरवार को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशाला स्थापित की। यह प्रयोगशाला इंटरऐक्टिव कंपनी के सहयोग से स्थापित की गयी। जिसका उद्घाटन सुकेम कंपनी से आये राहुल सिन्हा, मार्केटिंग हेड, राकेश तायल, शुभम तायल, डॉ शक्ति सिंह द्वारा किया गया। यह प्रयोगशाला आधुनिक तकनीक पर आधारित होगी। इस लैब का मुख्य उद्देश्य पाइट कालेज एवं अन्य कालेजों के छात्रों को नवीनतम तकनीकी द्वारा सोलर उर्जा के विषय में शोध का कार्य में सहायता प्रदान करना होगा। इस प्रयोगशाला में वाहनों में सौर ऊर्जा का प्रयोग करने के सम्बन्ध में शोध का कार्य भी होगा। भारत सरकार देश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। यह लैब इसी क्रम में सौर ऊर्जा के उपयोग एवं अनुसंधान में सहायता प्रदान करेगी। इस अवसर पर डीन एकेडमिक डॉ. डी.पी.एस. चौहान, एस.के.खन्ना, डॉ. निधि सिंघल, डॉ. बी.बी.शर्मा, डॉ. देवेन्द्र प्रसाद, सुनील दुल, अमित दुबे, दिनेश वर्मा, डॉ. योगेन्द्र कटारिया, स्वाति गुप्ता, रतनदीप अनेजा, नवीन वशिष्ट, डॉ. प्रदीप शर्मा, अर्पित, निधि, याशु रानी आदि उपस्थित रहे।

DAINIK JAGRAN 23/11/2018

# इंजीनियरिंग की परीक्षा में अब ले जा सकेंगे किताब

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें कठिन सवालों के लिए रट्टा मारने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि वह अब किताब लेकर भी परीक्षा में बैठ सकेंगे। हालांकि इस प्रयोग को अभी सिर्फ कुछ विषयों की परीक्षा में ही आजमाया जाएगा, लेकिन धीरे-धीरे इसे पूरी तरह लागू कर दिया जाएगा।

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) ने परीक्षा में बदलाव को लेकर गठित कमेटी की सिफारिशों को मान लिया है। एआइसीटीई के वाइस चेयरमैन एमपी पुनिया ने बताया कि जुलाई में इसे प्रभावी तरीके से लागू कर दिया जाएगा। वैसे इंजीनियरिंग के कुछ स्वायत्त संस्थानों में यह पैटर्न लागू है। इसका सीधा मतलब ये है कि अब परीक्षा के दौरान छात्र अपनी किताबों या नोट्स की मदद ले सकते हैं। दरअसल, 'ओपन बुक एग्जामिनेशन' लिखित परीक्षाओं की तरह ही होता है। लेकिन इसमें छात्र अपनी किताबों और नोट्स की मदद ले सकते हैं। साथ ही छात्र इस तरह की परीक्षा के दौरान तनावमुक्त महसूस करते हैं।



**क्या है 'ओपन बुक एग्जामिनेशन'**

ओपन बुक एग्जामिनेशन के दौरान छात्रों को अपनी किताबों या नोट्स की मदद लेने दी जाती है। इसका लक्ष्य छात्रों के ज्ञान को उपयोग में लाना है। साथ ही परीक्षकों से उम्मीद की जाती है कि वे केवल टेक्स्ट बुक के बजाय प्रश्नों के संदर्भ पर भी ध्यान दें।

# DAINIK BHASKAR 24/05/2018

## पाइट में वर्कशॉप, पीएम की स्पेशल योजना के बारे में दी जानकारी


भास्कर न्यूज | समालखा



समालखा. चीफ गेस्ट माधुरी को स्मृति चिह्न भेंट करते कॉलेज प्रबंधन।

पाइट में जम्मू एंड कश्मीर के विद्यार्थियों के लिए प्रधानमंत्री स्पेशल स्कॉलरशिप स्कीम पर शिक्षकों में जागरूकता लाने को लेकर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें जेएंडके के विद्यार्थियों को मिलने वाले फायदों पर विचार विमर्श करने के साथ ही लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्यातिथि माधुरी, डॉ. आरके सोनी, अजीत अग्रवाल, डॉ. एमएस मानना, पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सुरेश तायल, राकेश तायल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि माधुरी ने प्रधानमंत्री स्पेशल योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत एआईसीटीई, एमआईसी और यूजीसी के विभिन्न कोर्स बीटेक, बीसीए, एमसीए, एमबीए, बीबीए, एलएलबी, एमटेक समेत कई अन्य कोर्सों के लिए छात्रवृत्ति उपलब्ध है। इस योजना का जेएंडके के विद्यार्थियों को मिला है। इस अवसर पर डॉ. केके पालीवाल, डॉ. बीबी शर्मा, ओपी रनोलिया, रीतू, सोनम, विनय खत्री, प्रियंका, दिनेश वर्मा, हरि सिंह मौजूद रहे।

# DAINIK JAGRAN 24/05/2018



पीएम स्कीम स्कॉलरशिप के बारे में जानकारी लेने पाइट में पहुंचे शिक्षक और विद्यार्थी ● जागरण

# पीएम की स्पेशल स्कीम से रूबरू हुए विद्यार्थी

जागरण संवाददाता, समालखा : पाइट कॉलेज में पीएम स्पेशल स्कॉलरशिप स्कीम को लेकर जागरूकता वर्कशॉप का आयोजन किया गया। चेयरपर्सन ऑफ होलिस्टिक डेवलपमेंट एकेडमी के माधुरी सहस्र बुद्धे ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ. आरके सोनी, डायरेक्टर एएनडब्ल्यूआर, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा विभाग, चंडीगढ़ के अजीत, डॉ. एमएस मानना, प्रोफेसर एपी मित्तल आदि ने शिरकत की। संस्थान के निदेशक हरिओम तायल, बीओजी सुरेश तायल व राकेश तायल, निदेशक डॉ.केके पालीवाल, डीन डॉ. बीबी शर्मा, पीआरओ ओपी रनोलिया ने मेहमान का स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।

सहस्त्रबुद्धे ने तकनीकी और प्रबंधन के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए पीएम की सराहना की। सभी से उनकी योजनाओं का लाभ उठाने को कहा। डॉ. सोनी और अजीत अंग्राल ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को पीएम की स्पेशल छात्रवृति योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एआइसीटी, एएमआइसी और यूजीसी संस्थान द्वारा बीटेक, एमबीए, बीसीए, एमसीए, बीबीए, एलएलबी व एमटेक कोर्स के मेधावी विद्यार्थियों को पीएम स्पेशल स्कीम का लाभ दिया जाता है। जम्मू और कश्मीर में इसका बहुत फायदा मिला है। इस योजना में 5000 विद्यार्थियों को हर साल अलग-अलग कोर्स के लिए चुना जाता है। रहने, खाने व पढने के अतिरिक्त उन्हें छात्रवृति दी जाती है। इस अवसर पर सपना, प्रियंका, रीतू शर्मा, सोनम, दीपक, सुमनदीप कौर, तनु वर्मा, कमल, डॉ. विनय खत्री, दिनेश वर्मा, रतनदीप आदि मौजूद थे।

## HARI BHOOMI 24/05/2018

पाइट में प्रधानमंत्री स्पेशल स्कॉलरशिप स्कीम पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन

# प्रधानमंत्री विशेष छात्रवृति योजना के बारे में जानकारी दी

■ कॉलेज में पढ़ने वाले जम्मू और कश्मीर के विद्यार्थियों को मिल रहा इस योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज »» पानीपत

पाइट कॉलेज में प्रधानमंत्री स्पेशल स्कालरशिप स्कीम पर अवेयरनेस वर्कशॉप पाइट कॉलेज में जम्मू और कश्मीर के विधार्थियो के लिए प्रधानमंत्री स्पेशल स्कॉलरशिप स्कीम पर शिक्षकों में जागरूकता लाने के लिए एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यातिथि माधुरी सहस्त्रबुद्धे, चेयरपर्सन ऑफ फाउंडेशन, होलिस्टिक डेवेलोपमेंट इन एकेडेमिक, विशिष्ट अतिथि डॉ. आरके सोनी, डायरेक्टर एनडब्ल्यूआरओ, अखिल भारतीय तकनिकी शिक्षा विभाग, चंडीगढ़, अजित अंग्राल, प्रधानमंत्री स्पेशल स्कॉलरशिप स्कीम समंवयक, डॉ. एमएस मानना, निदेशक स्वयं सेल, प्रोफेसर, पी मित्तल, सदस्य सचिव, अखिल भारतीय तकनिकी शिक्षा विभाग, नई दिल्ली, हरिओम तायल, चेयरमैन पाइट कॉलेज, सुरेश तायल, सचिव, पाइट, मेंबर बीओजी, पाइट, डॉ. केके पालीवालए निदेशक, डॉ. बीबी शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, ओपी रनोलिया, जन संपर्क अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद डॉ. आरके सोनी ने मुख्यातिथि और अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। अखिल भारतीय तकनिकी शिक्षा विभाग के बारे में श्रोताओं को बताया और विभिन्न प्रकार की छात्रवृति योजनाओं के बारे में अवगत कराया। अजित अंग्राल ने भी अपने भाषण में प्रधानमंत्री विशेष छात्रवृति योजना के बारे में पहलुओं को समझाया। इस योजना के तहत आईसीटीइ, एमआईसी और यूजीसी के विभिन्न कोर्स बी टेक, बीसीए, एमसीए, एमबीए, बीबीए, एलएलबी, एमटेक एवं कई अन्य कोर्स के लिए छात्रवृति उपलब्ध है।



पानीपत। पाइट कॉलेज में आयोजित स्पेशल स्कालरशिप स्कीम में मुख्यातिथि को सम्मानित करते सुरेश तायल। फोटो हरिभूमि

**मौके पर ये मौजूद रहे**

इस मौके पर सपना, मुश्ताक, प्रियंका, रीतु शर्मा, सोनम, आफिस खान, दीपक मत्त्य, सुमनदीप कौर, तनु वर्मा, सोनिया कुमारी, विभागाध्यक्ष कमल ने पाइट कॉलेज की प्रबंधन समिति का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. विनय खत्री, प्रियंका, दिनेश वर्मा, रतनदीप अनेजा, डॉ. हरि सिंह, अतुल, निशा, संदीप अरोरा, रीतु, राजन सलूजा आदि मौजूद रहे।

# DAINIK TRIBUNE 24/05/2018

## पाईट कॉलेज में अवेयरनेस वर्कशॉप




समालखा के पाईट में बुधवार को वर्कशाप के उपरांत आयोजक व शिक्षक एकसाथ। -निस

समालखा (निस) : पाईट कॉलेज में जम्मू और कश्मीर के विद्यार्थियों के लिए प्रधानमंत्री स्पेशल स्कॉलरशिप स्कीम पर शिक्षकों में जागरूकता लाने के लिए एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि श्रीमती माधुरी सहस्रबुद्धे , चेयरपर्सन ऑफ फाउंडेशन होलिस्टिक डेवेलोपमेंट इन एकडेमिक, विशिष्ट अतिथि डॉ आरके सोनी, डायरेक्टर एनडब्लूआरओ, अखिल भारतीय तकनिकी शिक्षा विभाग, चंडीगढ़, अजीत अंग्राल, चेयरमैन पाईट कॉलेज, सुरेश तायल, डॉ केके पालीवाल, डॉ बीबी शर्मा, ओ पी रनोलिया द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए की। हरियाणा, दिल्ली, पंजाब और अन्य राज्यों से आये हुए 200 से अधिक शिक्षकों ने जम्मू और कश्मीर के बच्चों के लिए वार्तालाप किया। अजीत अंग्राल ने विशेष छात्रवृति योजना के पहलुओं को समझाते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत एआईसीटीइ, एमआईसी और यूजीसी के विभिन्न कोर्स एवं कई अन्य कोर्स के लिए छात्रवृति उपलब्ध है। इस योजना से जम्मू और कश्मीर के बच्चों को बहुत फायदा मिला है।


दैनिक ट्रिब्यून Thu, 24 May 2018
epaper.punjabitribuneonline

# PUNJAB KESARI 24/05/2018



## पी.एम.एस.एस.एस. पर शिक्षकों में जागरूकता के लिए हुई वर्कशॉप

# छात्रवृत्ति योजना की जानकारी दी



*वर्कशॉप में भाग लेने वाले प्रतिभागी अतिथियों के साथ।* (वीरेंद्र)

समालखा, 23 मई (वीरेंद्र): पाईट कालेज में जम्मू-कश्मीर के विद्यार्थियों के लिए प्रधानमंत्री स्पैशल स्कॉलरशिप स्कीम (पी.एम.एस.एस.एस.) पर शिक्षकों में जागरूकता लाने के लिए वर्कशॉप का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्यातिथि माधुरी सहस्त्रबुद्धे, चेयरपर्सन ऑफ फाऊंडेशन, होलिस्टिक डिवैल्पमैंट इन एकैडमिक, विशिष्ट अतिथि डा. आर.के. सोनी, डायरैक्टर ए.एन.डब्ल्यू. आर.ओ.ए. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा विभाग, चंडीगढ़, अजीत अंग्राल, प्रधानमंत्री स्पैशल स्कॉलरशिप स्कीम समन्वयक, डा. एम.एस. मानना, निदेशक स्वयं सैल, प्रो. ए.पी. मित्तल, सदस्य सचिव, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा विभाग, नई दिल्ली, हरिओम तायल, चेयरमैन पाईट कॉलेज, सुरेश तायल, सचिव, पाईट, मैंबर बी.ओ.जी., पाईट, डा. के.के. पालीवाल, निदेशक, डा. बी.बी. शर्मा, डीन स्टूडैंट वैल्फेयर, ओ.पी. रनोलिया, जनसंपर्क अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। तत्पश्चात डा. आर.के. सोनी ने मुख्यातिथि और अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा विभाग के बारे में श्रोताओं को बताया और विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में अवगत कराया।

मुख्यातिथि माधुरी सहस्त्रबुद्धे ने भी प्रधानमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना के बारे में बैठे हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों को बताया कि किस तरह से विद्यार्थी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। सभी अतिथियों को सुरेश तायल और राकेश तायल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जम्मू से आए गवर्नमैंट वूमैन पालीटैक्निक कॉलेज की 32 छात्राओं ने पानीपत में आधुनिक कम्बल उद्योग तथा इप्सोरी इलैक्ट्रॉनिक कम्पनी में भ्रमण किया।

सभी छात्राओं की तरफ से सपना, मुश्ताक, प्रियंका, रितु शर्मा, सोनम, आफिसा बानो, दीपक माला, सुमनदीप कौर, तनु वर्मा, सोनिया कुमारी और विभागाध्यक्ष कमल ने पाईट कॉलेज की प्रबंधन समिति का आभार व्यक्त किया। मौके पर डा. विनय खत्री, प्रियंका, दिनेश वर्मा, रतनदीप अनेजा, डा. हरि सिंह, अतुल, निशा, संदीप अरोड़ा, रितु, राजन सलूजा आदि मौजूद रहे।

# DAINIK JAGRAN 02/05/2018

# पाइट क्वेस्ट के विजेताओं को किया सम्मानित



गोल्ड मेडल लेकर डीएवी स्कूल हुडा की टीम को सम्मानित करते प्रधानाचार्य हरेश पाल पांचाल।

जागरण संवाददाता, पानीपत : सेक्टर 12 स्थित डीएवी सेंटेनरी स्कूल में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पाइट क्वेस्ट के विजेताओं को सम्मानित किया गया। यह जानकारी प्रधानाचार्य हरेश पाल पांचाल ने दी। उन्होंने बताया कि बारहवीं कक्षा के छात्र पारस राठी ने इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लैपटॉप व 1.26 लाख का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आशु गर्ग को 2018-19 के लिए सैमसंग प्रिंटर व 10500 रुपये का स्कॉलरशिप मिला। अंतरराष्ट्रीय समभाव ओलंपियाड में अपूर्वा शर्मा ने गोल्ड मेडल जीता। शिक्षिका अंजना शर्मा व प्रधानाचार्य हरेश पाल पांचाल को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। सतयुग ट्रस्ट गुड़गांव की तरफ से ओलंपियाड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीमा जुनेजा, डिंपल, सोनिया चावला, गुलशन, नरेश आदि मौजूद रहे।

## रट्टामार छात्र नहीं हो पाएंगे पास

# इंजीनियरिंग परीक्षा 12 पॉइंट पर आधारित होगी, अब रटने की जगह समझने पर जोर

### कॉलेजों के परीक्षा पैटर्न में बदलाव इसी सत्र से

अमित कुमार निरंजन | नई दिल्ली

इंजीनियरिंग कॉलेजों में छात्रों की परफॉर्मेंस सुधारने के लिए इसी सत्र से परीक्षा पैटर्न में बदलाव होगा। परीक्षा 12 पॉइंट्स पर आधारित होगी, जिसमें छात्रों को रटने की जगह सीखने और समझने पर जोर रहेगा। यह बदलाव उन कॉलेजों में होगा जो आईआईटी और एनआईटी श्रेणी में नहीं आते हैं। देश में ऐसे करीब साढ़े तीन हजार कॉलेज हैं जिनमें लगभग 30 लाख छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। एग्जामिनेशन रिफॉर्म पालिसी का ड्राफ्ट तैयार है।

सूत्रों के मुताबिक- मानव संसाधन मंत्रालय इस हफ्ते इसे स्वीकृति प्रदान कर देगा। एआईसीटीई में सहायक पद पर कार्यरत प्रोफेसर राजीव कुमार ने बताया- परीक्षा पैटर्न बदलने का मकसद है कि हम वैश्विक स्तर के इंजीनियर तैयार कर पाएं। अभी तक जो परीक्षाएं होती थी उन्हें पास करना इस बात पर निर्भर करता था कि छात्र कितनी चीजें याद कर पाता है या रट्टा मार पाता है। बदले परीक्षा पैटर्न ऐसा नहीं होगा। बदला हुआ परीक्षा पैटर्न इस पर निर्भर करेगा कि वो जो पढ़ रहा है उसे अपने जीवन में कितना उपयोग कर पाएगा, टेक्नॉलॉजी का सही उपयोग कैसे कर पाएगा, समाज के विकास में उसका क्या योगदान होगा। उन्होंने कहा, जरूरी नहीं कि शुरुआत से ही सभी 30 लाख छात्रों के स्तर में बड़ा बदलाव हो। मगर कुछ बच्चों को इस श्रेणी में जरूर रख सकते हैं।

### इन प्वाइंट के इर्दगिर्द रहेगी परीक्षाएं

▪ इंजीनियरिंग नॉलेज ▪ प्रॉब्लम एनालिसिस ▪ डिजाइन/डेवलपमेंट ऑफ सॉल्यूशंस ▪ कंडक्ट ▪ एथिक्स इंवेस्टीगेशन ऑफ कॉम्प्लेक्स प्रॉब्लम ▪ मॉडर्न टूल यूसेज ▪ द इंजीनियर एंड सोसायटी ▪ एनवायरमेंट एंड सस्टेनेबिलिटी ▪ इंडीविजुअल एंड टीम वर्क ▪ कम्यूनिकेशन ▪ प्रोजेक्ट मैनेजमेंट ▪ लाइफ लांग लर्निंग

### अध्ययन: देश में 80% इंजीनियर अयोग्य

▪ एस्पाइरिंग माइंड्स की नेशनल इम्प्लायबिलिटी की 2016 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 80% इंजीनियर रोजगार के काबिल नहीं है। रिपोर्ट में 650 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेजों के 1.5 लाख छात्रों का अध्ययन किया गया था।

DAINIK BHASKAR 25/04/2018

# यूजीसी ने जारी की 24 फर्जी विवि की सूची

नई दिल्ली | यूजीसी ने 24 फर्जी यूनिवर्सिटी की लिस्ट जारी की है। इनमें से आठ तो सिर्फ दिल्ली में हैं। यूजीसी ने ये लिस्ट फर्जी यूनिवर्सिटी द्वारा सैकड़ों छात्रों को ठगने की शिकायतों को देखते हुए जारी की है। ताकि विद्यार्थी ऐसी किसी भी फर्जी यूनिवर्सिटी के झांसे में आने से बच सकें।

यूजीसी ने लिखा है कि, विद्यार्थियों और जनता को सूचित करते हुए ये बताया जाता है कि 24 स्वयंभू और गुमनाम संस्थान देश के विभिन्न हिस्सों में यूजीसी एक्ट का उल्लंघन करते हुए संचालित हो रहे हैं। इन सभी को फर्जी घोषित किया जाता है। इनमें से दिल्ली में ही 8 फर्जी यूनिवर्सिटी चल रही हैं। इनमें कॉमर्शियल यूनिवर्सिटी, यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी, वोकेशनल यूनिवर्सिटी, एडीआर-सेन्ट्रिक जुरीडीशियल यूनिवर्सिटी, इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ साइंस एंड इंजीनियरिंग, विश्वकर्मा ओपन यूनिवर्सिटी फॉर सेल्फ इंप्लायमेंट, आध्यात्मिक विश्वविद्यालय और वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय शामिल हैं। इसके अलावा पुडुचेरी, अलीगढ़, बिहार के दरभंगा की मैथिली यूनिवर्सिटी, राउरकेला, ओडिशा, कानपुर, प्रतापगढ़, मथुरा, नागपुर, केरल, कर्नाटक, और इलाहाबाद में दो फर्जी यूनिवर्सिटी इनमें शामिल हैं।

# DAINIK BHASKAR 20/04/2018



पानीपत. पाइट कॉलेज समालखा में विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

## पाइट क्वेस्ट के दूसरे दिन के विजेता रहे आशीष, यश

भास्कर न्यूज | समालखा

पाइट क्वेस्ट-2018 के दूसरे दिन विज्ञान संकाय के 3 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने मेगा क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। फाइनल राउंड के बाद सफीदों और दिल्ली के स्कूल से आशीष, यश प्रथम रहे। उन दोनों ने एक्टिवा और 2 लाख 52 हजार की छात्रवृत्ति जीती।

कार्यक्रम का शुभारंभ ऑस्ट्रेलिया के कार्निवाल होमवायेर से पेनी स्कांडरेट और एना सरडेन, डीएसपी समालखा नरेश अहलावत, संस्थान चेयरमैन हरिओम तायल, सेक्रेटरी सुरेश तायल, निदेशक डॉ. केके पालीवाल, पीआरओ पाइट ओपी रनोलिया ने दीप प्रज्वलित करके किया।

दूसरे दिन सफीदों और दिल्ली के स्कूल से आशीष और यश को प्रथम रहने पर एक्टिवा और 2 लाख 52 हजार की छात्रवृत्ति, पानीपत और करनाल के स्कूलों से पारस और राघव को द्वितीय रहने पर लैपटॉप और 1 लाख 63 हजार रुपए की छात्रवृत्ति, तीसरे स्थान पर रहने वाले पानीपत और जींद स्कूल से जय और अभिषेक को टैबलेट और 63 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी गई।

# DAINIK JAGRAN 20/04/2018

## क्वेस्ट में सफीदों और दिल्ली की टीम आइंस्टीन रही अव्वल



पाइट क्वेस्ट के विजेता मुख्यातिथि और विशिष्ट अतिथियों के साथ • जागरण

जागरण संवाददाता, समालखा : पाइट कॉलेज में बृहस्पतिवार को क्वेस्ट प्रतियोगिता का समापन हो गया। ऑस्ट्रेलिया के कार्निवाल होमवायर कंपनी की पेनी स्कोडरेट और एना सर्दन ने दीप जलाकर किया। डीएसपी नरेश अहलावत ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। अतिथियों द्वारा विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक हरिओम तायल, सुरेश तायल, केके पालीवाल, डॉ. बीबी शर्मा, एसके खन्ना ने मेहमानों को स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। ऑनलाइन और लिखित परीक्षा के बाद 12 विद्यार्थियों की छह टीमों को प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।

सफीदों और दिल्ली के बच्चों की टीम आइंस्टीन के आशीष और यश को पहला, पानीपत और करनाल के स्कूलों टीम कल्पना के पारस और राघव को दूसरा, पानीपत और जींद के स्कूलों की टीम न्यूटन के जय और अभिषेक को तीसरे पुरस्कार के लिए चुना गया।

# HARIBHOOMI 20/04/2018

पाइट कॉलेज में मेगा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

## दूसरे दिन विद्यार्थियों को बांटे लाखों के उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

पाइट कॉलेज में चल रहे पाइट क्वेस्ट 2018 के दूसरे दिन विज्ञान संकाय के 3000 से अधिक विद्यार्थियों ने मेगा क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ऑस्ट्रेलिया से पधारी पैनी स्कांडरेट और एना सर्दन, नरेश अहलावत, डीएसपी समालखा, हरिओम तायल, चेयरमैन पाइट कॉलेज, सुरेश तायल, मेंबर सेक्रेटरी, डॉ. केके पालीवाल, निदेशक, पाइट, डॉ. बीबी शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, एसके खन्ना, एडमिनिस्ट्रेटर और ओपी रनोलिया, पीआरओ पाइट ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस मौके पर मुख्यातिथि मिस पैनी ने कॉलेज मैनेजमेंट का धन्यवाद किया और विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए विजेताओं को होंडा एक्टिवा, लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल फोन, प्रिंटर, स्कैनर तथा लाखों रुपए की छात्रवृत्ति दी गई। पीआरओ ओमप्रकाश रनोलिया ने बताया कि पाइट कॉलेज पिछले 10 साल से लगातार इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है और इसी तरह विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए इतना बड़ा मंच प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर सूबे सिंह, डिंपल, उषा शर्मा, वेदमती, सुमन शर्मा, जयदीप सिंह, सुरेश शास्त्री, रेखा, ट्विंकल, सविता, इमरान, आशा, वंदना, नवनीत यादव, दीपक गुप्ता, ममता, अनिल, मोनिका, उर्मिला, करन, नीलू, कल्पना, डीना, मोनिका, संतोष, राजेंद्र, मंजू शर्मा, अमित, शमशेर, सुशील, रितु, सुनील दुल, अमित दुबे, योगेंद्र कटारिया, प्रियंका, डॉ. विनय खुराना, दिनेश शर्मा, रतनदीप अरोड़ा, राजन सलूजा, तरुण, जिवान आदि मौजूद रहे।



समालखा। पाइट कॉलेज में विजेता विद्यार्थी अतिथियों के साथ।

**सफल ट्रेनिंग का दिया आयोजन**

[illegible]

# DAINIK TRIBUNE 20/04/2018

## आशीष और यश मेगा क्वेस्ट में प्रथम



समालखा में बृहस्पतिवार को पाईट क्वेस्ट के दूसरे दिन के विजेताओं को पुरस्कृत करते प्रबंधन व अतिथि। -निस

समालखा (निस): पाईट कॉलेज में चल रहे पाईट क्वेस्ट 2018 के दूसरे दिन विज्ञान संकाय के 3000 से अधिक विद्यार्थियों ने मेगा क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ऑस्ट्रेलिया के कार्निवाल होमवायेर से पैनी स्कांडरेट और एना सरडेज, संस्थान चेयरमैन हरिओम तायल, मेम्बर सेक्रेटरी सुरेश तायल, निदेशक डॉ. केके पालीवाल ने दीप प्रज्वलित करके किया। ऑनलाइन टेस्ट, लिखित टेस्ट के बाद 12 विद्यार्थियों को स्टेज क्विज के लिए चयनित किया गया। सफीदों और दिल्ली के स्कूल से आशीष, यश प्रथम रहे तथा उन दोनों को एक्टिवा और 2 लाख 52 हजार की छात्रवृत्ति, पानीपत और करनाल के स्कूलों पारस और राघव द्वितीय रहे जिन्हें लैपटॉप और 1 लाख 63 हजार रुपये की छात्रवृत्ति, तीसरे स्थान पर रहे पानीपत और जींद के स्कूल से जय, अभिषेक को टेबलेट और 63 हजार रुपये की छात्रवृत्ति बतौर पुरस्कार दी गई।

# YUGMARG 20/04/2018

## PIET QUEST-2018 concludes

Vijayant Sharma
PANIPAT, APRIL 19

On the second day of PIET QUEST 2018 more than 3000 students of Non Medical students from 500 schools all over Haryana, Utter Pradesh and Delhi NCR region participated in the programme.

Earlier the programme had been inaugurated with candle lightening by the distinguished guests Anna Cerdan, Penny Scandrett from Carnival Homewares from Australia, Naresh Ahlawat, Deputy Superintendent of Police, Smalkha, Hari Om Tayal, Chairman PIET, Dr. K.K.Paliwal, Director, Dr. B.B. Sharma, Dean Student welfare , S.K. Khanna, Administrator and PRO O P Ranolia.



Chief Guest Anna thanked college management for making her guest. She congratulated all winners and graced them with awards like Honda Activa, Laptops, Mobile Phones, Tablets, Printers, Scanners and scholarships of lakhs. She said that it is second time she visited PIET and both time in PIET QUEST event. She invited PIET students for summer training in Australia.

Hari Om Tayal thanked all respected guests. He also thanked them for suggestions given by them. He said that PIET is organizing this event from last 10 years and students from schools of Panipat, Karnal, Rohtak, Kaithal, Jind, Safedon, Assandh, Bhadurgarh, Kurukshetra, Yamuna Nagar, Ladwa, Radaur, Sonipat, Gannaur and Delhi NCR region take participation in this mega quiz show and win lots of prizes every year.

12 students were shortlisted for final stage round quiz and they were divided into 6 teams named Einstein, Kalaam, Newton, Raman, Kalpna and Aryabhatt, Ashish and Yash of Einstein team from Safidon and Delhi won first prize of Honda Activa and Scholarship of Rs 2,52,000 each. Paras & Raghav of Kalpana team from Panipat and Karnal won 2nd prize of Laptop and Scholarship of Rs 1, 26,000.

# DAINIK BHASKAR 19/04/2018

## पाइट क्वेस्ट के विजेता पुरस्कृत, नरवाना के रोहित को मिली छात्रवृत्ति व एक्टिवा

भास्कर न्यूज | समालखा




समालखा. पाइट क्वेस्ट-2018 के विजेता छात्रों के साथ शिक्षक।

पाइट कॉलेज में दो दिवसीय पाइट क्वेस्ट-2018 के प्रथम चरण में हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली एनसीआर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इनमें से 7000 से अधिक विद्यार्थियों का दूसरे और अंतिम राउंड के लिए चयन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आयकर विभाग करनाल की प्रिंसिपल कमिश्नर आईआरएस रेखा शुक्ला, डीसी सुमेधा कटारिया ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रथम स्थान पर रही दिल्ली और नरवाना के स्कूलों की बिरला टीम के संयम और रोहित को एक्टिवा और 1 लाख 5 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी गयी। दूसरे स्थान पर रहे गन्नौर और दिल्ली के स्कूलों की महेंद्रा टीम के वाणी और शाश्वत को लैपटॉप और 62 हजार 500 रुपए की छात्रवृत्ति दी गयी। तीसरे स्थान पर रही सोनीपत और सफीदों की बजाज टीम रही। इस मौके पर हरिओम तायल, सुरेश तायल, डॉ. केके पालीवाल, डॉ. बीबी शर्मा, एसके खन्ना, कैरियर काउंसलर सूर्या, ओपी रंगालिया, सौरभ, दिनेश वर्मा, सुनीता, उर्मिला, नीलम, मनीषा लक्की सचदेवा, महेश, सुनीता, सरिता, जयभगवान आदि मौजूद रहे।

# YUGMARG 19/04/2018

## 2-day PIET QUEST-2018 begins in Panipat

VIJAYANT SHARMA
PANIPAT, APRIL 18



A two days PIET QUEST-2018 event was organized at a very large scale in Panipat Institute of Engineering & Technology, Smalkha. Over 70,000 students from schools of Haryana, Utter Pradesh and Delhi NCR region took part in first round of the event which was held at the school. Over 7000 students had been shortlisted for second and final rounds which are being held at campus of PIET.

On the first day, over 3500 students of commerce and art participated in the event. The programme was inaugurated with candle lightening by the distinguished guests Rekha Shukla, IRS, Principal Commissioner, Income Tax, Karnal, Sumegha Kataria, Deputy Commissioner, Panipat, Hari Om Tayal, Chairman PIET, Dr K K Paliwal, Director, Dr B B Sharma, Dean Student welfare and S.K. Khanna, Administrator. Rekha Shukla thanked college management for providing such a big platform for students showing their skills.

She congratulated all winners and graced them with awards like Honda Activa, laptops, mobile phones, tablets, printers, scanners and scholarships worth lakhs of rupees. She said that PIET is one of the leading institutions in this area of education. Whether it is school or college in both areas PIET has been established as a name that every Guardian wants to send their lad to PIET. Sumegha Kataria also congratulated winners and wished them good luck for their bright future.

She explained to the students the importance of education in life. Education is the only way by which they can get heights of success. Hari Om Tayal thanked all respected guests for attending mega event. He also thanked for the suggestions given by them.

He told students to get education a power to their career. He said that PIET is organising this event for the last 10 years and students from schools of Panipat, Karnal, Rohtak, Kaithal, Jind, Safedon, Assandh, Bhadurgarh, Kurukshetra, Yamuna Nagar, Ladwa, Radaur, Sonipat, Gannaur and Delhi NCR region take participation in this mega quiz show and win lots of prizes every year. Around 12 students were shortlisted for final stage round quiz and they were divided into 6 teams named Tata's, Birla's, Ambani's, Mahindra's, Bajaj and Munjal's.

# HARI BHOOMI 19/04/2018

## पाइट कॉलेज में दो दिवसीय पाइट क्वेस्ट 2018 का आयोजन

# मेगा क्वीज में उमड़ा छात्रों का हुजूम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

पाइट कॉलेज में दो दिवसीय पाइट क्वेस्ट 2018 का आयोजन किया गया। इस मैगा क्वीज प्रतियोगिता के प्रथम चरण में हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली एनसीआर के विभिन्न स्कूलों के 70 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें से 7000 से अधिक विद्यार्थियों का दूसरे और अंतिम राउंड के लिए चयन हुआ है। बुधवार को खेले गए मुकाबले में वाणिज्य और कला क्षेत्र के 3500 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

- विजेता विद्यार्थियों होंडा बाईक, ऐक्टिवा, लेपटॉप, प्रिंटर, स्केनर, मोबाईल फोन, टबलेट और लाखों रुपये की छात्रवृति देकर सम्मानित किया गया किया

कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित अतिथिगण रेखा शुक्ला, आ ई आ र ए स प्रिंसिपल कमीशनर, आयकर विभाग करनाल, सुमेधा कटारिया आईएएस, डिप्टी कमीशनर पानीपत, हरिओम तायल, चेयरमैन पाइट, सुरेश तायल, मैंबर सैक्रेटरी, डॉ. केके पालीवाल, निदेशक, डॉ. बीबी शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर पाइट और प्रशासक एसके खन्ना के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस दौरान रेखा शुक्ला ने कॉलेज मैनेजमेंट का आभार व्यक्त कर विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए होंडा बाईक, ऐक्टिवा, लेपटॉप, प्रिंटर, स्केनर, मोबाईल फोन, टबलेट और लाखों रुपये की छात्रवृति देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पाइट कॉलेज का नाम पूरे प्रदेश में अग्रणी है। स्कूल हो या कॉलेज दोनों क्षेत्र में पाइट ने ऐसी प्रसिद्धी हासिल की है कि हर माता पिता अपने बच्चे को पढ़ाने के लिए पाइट भेजना चाहता है। डीसी सुमेधा कटारिया ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा शिक्षा की महत्ता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यही एक ऐसा क्षेत्र है जो हमें किसी भी मुकाम तक पहुचा सकता है और यही हमारी उम्र है उच्च मुकाम को कर सकें। पाइट संस्थान के चेयरमैन हरिओम तायल ने सभी सम्मानित अतिथियों का पाइट क्वेस्ट 2018 के प्रथम दिवस में आने पर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि पाइट इस मेगा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन पिछले 10 वर्षों से कर रहा है और हर साल पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, गोहाना, सफीदों, असंध, जींद, रोहतक, कैथल, पुंडरी, यमुनानगर, रादौर, सोनीपत, बहादुरगढ़, शामली और दिल्ली एनसीआर के 500 से अधिक स्कूलों के विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग लेकर लाखों रुपए के इनाम जीतते है। आज की प्रतियोगिता के अंतिम चरण में 12 विद्यार्थियों को चयनित कर 6 टीमों में बांटा गया। जिनको बिरला, टाटा, अंबानी, महिंद्रा, बजाज, मुंजाल नाम से संबोधित किया गया।



पानीपत। पाइट में कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए डीसी सुमेधा कटारिया।

### विज आज करेंगे शिरकत

गौरतलब है कि कल इस प्रतियोगिता में विज्ञान वर्ग के 3000 से अधिक विद्यार्थी हिस्सा लेंगे और कार्यक्रम में खेल एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। प्रतियोगिता के अंत में संस्थान की प्रबंधक समिति हरिओम तायल, सुरेश तायल द्वारा सुरेश तायल द्वारा मुख्यातिथि रेखा शुक्ला को स्मृति चिन्ह और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सविता, सौरभ, विनोद शर्मा, सुनीता, उर्मिला, नीलम, मनीषा, सुमन कौशिक, अमित, संजीत वासु, राजेंद्र, सचिन, देवेंद्र, नवदीप, मोनिका, मंजू, राजेंद्र कौर, कविता, मोनिका, पारुल, सरिता, निर्मल, तरुण दिया, रमेश कुआ, मंजू शर्मा, सुशील कुमार, अर्चना सैनी, ललित शर्मा, कोमल चिके, सुरेश, अंजलि शर्मा, सुनील गुप्ता, राधा, रजनी, सीमा गुप्ता प्रतिभा, दीपक गुप्ता, रेणु गर्ग सविता, सौरभ शास्त्री सुरेश कुमार, विनोद कुमार, विरेंद्र, मीना, वीणा, सुमेधा, लखाजी सावदेवा, महेश, सुनीता, सविता, जयभगवान आदि मौजूद रहे।

# DAINIK JAGRAN 19/04/2018

# पाइट क्वेस्ट में दिल्ली और नरवाना की टीमें रहीं अव्वल



क्वेस्ट स्पर्धा का शुभारंभ करती आयकर विभाग की प्रधान आयुक्त रेखा शुक्ला और डीसी कटारिया।

जागरण संवाददाता, समालखा : करनाल आयकर विभाग की प्रधान आयुक्त रेखा शुक्ला व विशिष्ट अतिथि डीसी सुमेधा कटारिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर पाइट में क्वेस्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। 35 सौ विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। प्रथम छह स्थानों पर रही टीमों को इनाम देकर सम्मानित किया गया।

**ये टीमें रहीं विजेता :** दिल्ली और नरवाना के स्कूलों की बिरला टीम के संयम और रोहित को प्रथम, गन्नौर और दिल्ली के स्कूलों की महेन्द्रा टीम के वाणी और शास्वत को द्वितीय, सोनीपत और सफीदों की बजाज टीम के सजल और शिवानी को तृतीय स्थान मिला। चौथे, पांचवे और छठे स्थान पर रही। इस अवसर पर डॉ. केके पालीवाल, डॉ.बी.बी. शर्मा, एसके खन्ना, ओपी रनोलिया आदि मौजूद रहे।

# PUNJAB KESHARI 19/04/2018

# 'क्वेस्ट' के प्रथम दिन लगी ईनामों की झड़ी

समालखा, 18 अप्रैल (वीरेंद्र): पाइट कालेज में 2 दिवसीय पाइट क्वेस्ट-2018 का आयोजन बड़े पैमाने पर किया गया। इस मेगा क्विज प्रतियोगिता के प्रथम चरण में हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली एन.सी.आर. के विभिन्न स्कूलों के 70,000 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इनमें से 7000 से अधिक विद्यार्थियों का दूसरे और अंतिम राऊंड के लिए चयन हुआ। आज के मुकाबले में वाणिज्य और कला क्षेत्र के 3500 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित अतिथि रेखा शुक्ला, आई.आर.एस., प्रिंसीपल कमिश्नर, आयकर विभाग करनाल, सुमेधा कटारिया, आई.ए.एस., डिप्टी कमीश्नर पानीपत, हरिओम तायल, चेयरमैन पाइट, सुरेश तायल, मैंबर सैक्रेटरी, डा. के.के. पालीवाल, निदेशक, डा. बी.बी. शर्मा, डीन स्टूडैंट वैल्फेयर पाइट और प्रशासक एस.के. खन्ना द्वारा किया। रेखा शुक्ला ने कालेज मैनेजमैंट का सराहना की कि पाइट कालेज ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए इतने बड़े मंच का प्रबंध किया है।

पाइट संस्थान के चेयरमैन हरिओम तायल ने बताया कि मेगा क्विज प्रतियोगिता में पिछले 10 वर्षों से हर साल पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, गोहाना, सफीदों, असंध, जींद, रोहतक, कैथल, पुंडरी, यमुनानगर, रादौर, सोनीपत, बहादुरगढ़, शामली और दिल्ली एन.सी.आर. के 500 से अधिक स्कूलों के विद्यार्थी प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करते हैं।



*कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते अतिथि।* (वीरेंद्र)

इसी तरह लाखों रुपए के ईनाम जीतते हैं। प्रतियोगिता के अंतिम चरण में 12 विद्यार्थियों को चयनित कर 6 टीमों में बांटा गया, जिनको बिरला, टाटा, अंबानी, महिंद्रा, बजाज, मुंजाल नाम से संबोधित किया।

प्रथम स्थान पर रही दिल्ली और नरवाना के स्कूलों की बिरला टीम के संयम और रोहित को होंडा कम्पनी की एक्टिवा और 1,05,000 रुपए की छात्रवृति दी गई।

दूसरे स्थान पर रही गन्नौर और दिल्ली के स्कूलों की महेंद्रा टीम के वाणी और शास्वत को लैपटॉप और 62,500 रुपए की छात्रवृति दी गई। तीसरे स्थान पर रही सोनीपत और सफीदों की बजाज टीम के सजल और शिवानी को टैबलेट और 31,500 रुपए की छात्रवृत्ति दी गई। चौथे, 5वें तथा छठे स्थान पर रही टीम को 10,500 रुपए की छात्रवृत्ति तथा एक-एक प्रिंटर उपहार स्वरूप दिए। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए बैस्ट स्कूल का चयन किया। जिसमें चयनित स्कूल को एक प्रोजेक्टर भेंट किया। प्रबंधक समिति द्वारा दो लक्की ड्रा भी निकाले गए, जिसमें एक टैबलेट छात्र-छात्राओं के लिए तथा एक टैबलेट स्कूल से आए शिक्षक को दिया। अध्यापकों को उपहार देकर सम्मानित किया। कालेज एंकरिंग टीम द्वारा छात्रों से प्रश्नोत्तरी की गई और सही जवाब देने पर उन्हें टी-शर्ट, पैन, कैप, छतरी आदि दी गई।

इस मौके पर सनिग्ध, सौरभ, दिनेश वर्मा, सुनीता, उर्मिला, नीलम, मनीषा पानीपत के स्कूलों से, सुमन, दीपिका, अमित, संजीत वत्स, राजेंद्र, सचिन, देवेंद्र, नवदीप, मोनिका, मंजू सोनीपत क्षेत्र के स्कूलों से, राजेंद्र कौर, कविता, मोनिका, पारुल, सतिंद्र, निर्माण, नीरू, विद्या, रमेश दुआ, मीनू शर्मा करनाल क्षेत्र के स्कूलों से, सुशील कुमार, अर्चना सैनी, ललित शर्मा, कोमल विर्क, सुरेश कैथल क्षेत्र से, अंजलि वर्मा, सुनीता गुप्ता, तपन, रमा, सीमा गुप्ता, प्रतिभा, दीपक गुप्ता दिल्ली क्षेत्र से, रेणु गर्ग, सविता, सौरभ शास्त्री, सुरेश कुमार, विनोद कुमार सफीदों असंध क्षेत्र से, वीरेंद्र, मीना, वीना, सुमेधा यमुनानगर क्षेत्र से, लक्की सचदेवा, महेश, सुनीता, सरिता, जयभगवान रोहतक गोहाना क्षेत्र से और पाइट संस्थान के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# DAINIK BHASHKAR 02/04/2018

आयोजन | महिला एवं बाल विकास मंत्री कविता जैन ने ऐसे कार्यक्रम बताया जरूरी, कहा- करिअर निर्माण के लिए मिलता है प्लेटफार्म

## हैकथॉन में कोलकाता और तमिलनाडु ने मारी बाजी

भास्कर न्यूज | समालखा

पट्टीकल्याणा रोड पर स्थित पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2018 का समापन हो गया। कोलकाता व तमिलनाडु की टीम ने हैकथॉन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पहले तीन स्थानों पर रहने वाली टीमों को नकद राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई। समापन समारोह में कविता जैन महिला एवं बाल विकास मंत्री हरियाणा सरकार मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं।



समालखा. हैकाथॉन विजेताओं के साथ मंत्री कविता जैन व पाइट प्रबंधन।

### ये टीमें रहीं विजेता

कोलकाता की एक्सएलआर 8 टीम तथा तमिलनाडु की यूआईईएआई 9 पहले स्थान पर रही। जबकि वाइब और इक्को13 ने दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि टेकफोर्स और शार्क टीम तीसरे स्थान पर रही। इस मौके पर डॉ. बीबी शर्मा, ओपी रनोलिया, डॉ. निधि सिंघल, एलआर वधेजा, प्रियंका सहगल, डॉ. सुरेश गुप्ता, डॉ. विक्रम बाली, अमित दुबे, डॉ. विनय खत्री, सुनील हुल, दिनेश वर्मा, राजन सलूजा, सत्यदीप अरोड़ा, संदीप अरोड़ा, सुमन मखन, प्रीति दहिया, अतुल गौतम और इवेंट मैनेजर विशाल डार मौजूद रहे।


यहां प्रभाष सिंह सदस्य टेक्नोलॉजी टेलीकॉम कमिशन, डीआर पॉल सीनियर डीडीजी डीओटी हरियाणा, हरिओम तायल संस्थान के चेयरमैन, राकेश तायल मेंबर बीओजी, राहुल सिंगला, दिशा, अनुजा, डॉ. केके पालीवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि मंत्री कविता जैन ने कहा कि युवाओं के लिए ऐसे कार्यक्रम जरूरी हैं। इससे उन्हें करियर निर्माण को लेकर प्लेटफार्म मिलता है। टेलीकॉम कमीशन से अतिथि प्रभाष सिंह ने टेलीकॉम क्षेत्र में हो रहे अग्रिम विकास के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। पाइट के जनसंपर्क अधिकारी ओपी रनोलिया ने बताया कि स्मार्ट इंडिया हैकथॉन में विद्यार्थियों ने 36 घंटे लगातार कंप्यूटर पर कोडिंग कर विभिन्न केंद्रीय और राज्य स्तरीय विभागों की समस्याओं का समाधान निकाला।

# DAINIK JAGRAN 02/04/2018

## युवा बदल सकते देश की दशा

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का समापन, महिला एवं बाल विकास मंत्री कविता जैन पहुंची



स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में विजेता तमिलनाडु की टीम के साथ पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग के पदाधिकारी • जागरण

जागरण संवाददाता, समालखा : पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग में चल रहे स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2018 का समापन हो गया। मुख्य अतिथि हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री कविता जैन और टेलीकॉम विभाग के अधिकारी प्रभाष सिंह, डी आर पॉल हरियाणा ने समापन समारोह में शिरकत की।

संस्थान के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव राकेश तायल, निदेशक केके पालीवाल व राहुल सिंगला ने उनका स्वागत किया। टेलीकॉम और पोस्टल विभाग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को एक लाख, 75 और 50 हजार का इनाम देकर सम्मानित किया। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा संस्थान सहित प्रतिभागी कंपनियों ने अपने ओर से नकद इनाम दिए।

### बेहतर सुझाव देने वालों को बधाई

मुख्य अतिथि कविता जैन ने टेलीकॉम और पोस्टल विभाग की समस्याओं के निदान के लिए बेहतर सुझाव देने वाले विजेताओं को बधाई दी। उनके प्रयास की सराहना की। मेगा इवेंट मैनेजमेंट के लिए पाइट का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि हमारे युवा शक्ति हैं जो तकनीकी इजाद कर देश की दशा और दिशा को बदल सकते हैं। कठिन से कठिन समस्याओं का हल निकाल सकते हैं। लोगों को रोजगार दे सकते हैं। यह सब पीएम नरेंद्र मोदी की उत्कृष्ट सोच का परिणाम है।

### 80,000 की वार्षिक छात्रवृत्ति

प्रभाष सिंह ने टेलीकॉम क्षेत्र में हो रहे अग्रिम विकास के बारे में विद्यार्थियों को बताया। विद्यार्थियों को आइटीयू से जुड़ने के लिए कहा जिससे लोगों को रोजगार के अवसर मिले। निदेशक केके पालीवाल ने कहा कि सरकार हर साल 1000 बीटेक, एमटेक, एमबीए, एमसीए के विद्यार्थियों को देश के अलग कॉलेज से चुनेगी। उन्हें 80,000 रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाएगी, जो विद्यार्थी मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत अनुसंधान में अपना योगदान देंगे।

पीआरओ ओपी रनोलिया ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में 36 घंटे लगातार कंप्यूटर पर कोडिंग कर जनहित से जुड़े समस्याओं का हल निकालने के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी।

इस अवसर पर अदनान अहमद, दिशा अनुजा, डा. बी बी शर्मा, डा. निधि सिंघल, एलआर वधेजा, प्रियंका सहगल, डा. सुरेश गुप्ता, डा. विक्रम बाली, अमित दुबे, डा. विनय खत्री, सुनील हुल, दिनेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

HARIBHOOMI 02/04/2018

## मंत्री की अभिभावकों को सलाह-बेटियों को शिक्षित कर विकास के अवसर दें

# नारी सशक्तिकरण से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र: कविता

■ मुख्यातिथि कविता जैन ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कॉलेज मैनेजमेंट की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

पानीपत इंस्टीटूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज में चल रहे स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2018 का रविवार को समापन हो गया। समापन समारोह में महिला एवं बाल विकास मंत्री हरियाणा कविता जैन ने बतौर मुख्यातिथि, प्रभाष सिंह, मेंबर, टेक्नोलॉजी, टेलीकॉम कमिशन, डीआर पॉल, सीनियर डीडीजी, डीओटी, हरियाणा हरिओम तायल, चेयरमैन, पाइट, राकेश तायल, मेंबर बीओजी, पाईट, राहुल सिंगला, दिशा, अनुजा, पर्सिस्टनेट निदेशक डॉ. केके पालीवाल अन्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह के अंत में टेलीकॉम विभाग और पोस्टल विभाग द्वारा तीन-तीन विजेता टीमों के नाम निकाले गए। वहीं दोनों विभागों ने अपनी समस्या के समाधान के लिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा संस्थान, डेलोइत सिस्टम, परसिस्टेंट सिस्टम और केपाईटी कंपनियों द्वारा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि कविता जैन ने अपने संबोधन में सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कॉलेज मैनेजमेंट की सराहना की। उन्होंने बताया कि पाइट कॉलेज को सरकार द्वारा इस मेगा इवेंट को होस्ट करने का ये मौका मिला। आज के समय इस क्षेत्र में पाइट नंबर वन संस्थान बन गया है। युवाओं को ऐसे कार्यक्रमों को बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। जिससे उन्हें रोजगार मिलेगा। उन्होंने बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ अभियान की भी तारीफ करते हुए कहा कि नागरिकों को बेटों के साथ बेटियों के पैदा होने पर भी खुशी मनानी चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से सलाह दी कि वे बेटों की तरह बेटियों को भी शिक्षित करें और उन्हें विकास के अवसर उपलब्ध करवाए। उन्होंने साफ किया कि नारी सशक्तिकरण से ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। वहीं प्रभाष सिंह ने टेलीकॉम क्षेत्र में हो रहे अग्रिम विकास के बारे में विद्यार्थियो को अवगत कराया और कॉलेज को आईटीयू से जुड़ने के लिए कहा। गौरतलब है कि कोलकत्ता और तमिलनाडु की टीमें एक्सएलआर 81, यूआईडीएआई 9 प्रथम, वाइब और इको 18 टीम द्वितीय, चेकपोस्ट और शार्क टीम तृतीय रही। कार्यक्रम के अंत में राकेश तायल ने मुख्यातिथि कविता जैन, प्रभाष सिंह, अदनान अहमद, दिशा, अनुजा, टेलीकॉम और पोस्टल विभाग के सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. बीबी शर्मा, डॉ. निधी सिंघल, एलआर बवेजा, प्रियंका सहगल, डॉ. सुरेश गुप्ता, डॉ. विक्रम वाली, अमित दूबे, डॉ. विनय खत्री, सुनील ढुल, दिनेश वर्मा, राजन सलूजा, रतनदीप अनेजा, संदीप अरोड़ा, सुमन मदान, प्रीति दहिया, अतुल गौतम आदि मौजूद रहे।




पानीपत। पाइट के कार्यक्रम में शिकरत करते हुए मंत्री कविता जैन। फोटो :हरिभूमि

### 80 हजार रुपये वार्षिक छात्रवृति दी जाएगी

जिससे विद्यार्थियो को रोजगार के अवसर मिलेंगे। कॉलेज के निदेशक डॉ. केके पालीवाल ने बताया कि कल रात को प्रधानमंत्री मोदी जी ने भी विद्यार्थियो के साथ वार्तालाप किया और अपने भाषण में विद्यार्थियो को बधाई देते बताया कि हर साल 1 हजार बीटेक, एमटेक,एमबीए, एमसीए के विद्यार्थियों को देश के अलग कॉलेज से चुना जाएगा और उन्हें 80 हजार रुपये तक की वार्षिक छात्रवृति दी जाएगी। जिसकी सहायता से ये विद्यार्थी मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट में अपना योगदान देंगे और अनुसंधान के क्षेत्र में देश को आगे बढ़ाएंगे। पीआरओ ओपी रवोलिया ने बताया कि स्मार्ट इंडिया हैकथॉन में विद्यार्थियो ने 36 घंटे लगातार कंप्यूटर पर कोडिंग कर के विभिन्न केंद्रीय व राज्य स्तरीय विभागों की समस्याओं का समाधान निकाला।

# DAINIK TRIBUNE 02/04/2018

## कोलकाता, तमिलनाडु पाईट हैकाथॉन विजेता



समालखा के पाईट कालेज में रविवार को हैकाथॉन विजेताओं के साथ मंत्री कविता जैन व प्रबंधन। -निस

समालखा(निस): पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2018 का समापन हो गया। कोलकाता व तमिलनाडु की टीम ने हैकथॉन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पहले तीन स्थानों पर रहने वाली टीमों को नगद राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई। समापन समारोह में कविता जैन महिला एवं बाल विकास मंत्री मुख्यातिथि थीं। निदेशक डा० केके पालीवाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट में अपना योगदान दें। अंत में टेलीकॉम विभाग और पोस्टल विभाग ने विजेताओं को एक लाख, पचहत्तर हजार रुपये और पचास हजार रुपये के नकद पुरस्कार दिए। इसके अलावा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा संस्थान ने दो टीमों को नकद 50000 रुपये इनाम दिया तथा डेलोइत सिस्टम, परसिस्टेंट सिस्टम और केपाइंटी कंपनियों द्वारा तीनों विजेता टीमों को 10-10 हजार के नकद इनाम दिए गए।

दैनिक ट्रिब्यून Mon, 02 April 2018
epaper.punjabitribuneonline.

# PUNJABKESHARI 02/04/2018

## स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के विजेता सम्मानित



*समारोह में विजेताओं को चैक देकर सम्मानित करते मुख्यातिथि हरियाणा महिला एवं बाल विकास मंत्री कविता जैन व अन्य अतिथि।* (वीरेंद्र)

समालखा, 1 अप्रैल (वीरेंद्र) : पानीपत इंस्टीच्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी कालेज में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2018 का समापन समारोह हुआ, जिसमें बतौर मुख्यातिथि हरियाणा महिला एवं बाल विकास मंत्री कविता जैन, टैक्नोलॉजी, टैलीकॉम कमाशन के मैंबर प्रभाप सिंह, डी.आर. पॉल, सीनियर डी.डी.जी., डी.ओ.टी., हरियाणा, प्वाइंट चेयरमैन हरिओम तायल, प्वाइंट बी.ओ.जी. मैंबर राकेश तायल, राहुल सिंगला, मिस दिशा, मिस अनुजा, पर्सिस्टनेट निदेशक डा. के.के. पालीवाल व अन्य अतिथि मौजूद रहे।

समारोह के अंत में टैलीकॉम विभाग और पोस्टल विभाग द्वारा 3-3 विजेता टीमों के नाम निकाले गए। दोनों विभागों ने अपनी समस्या के समाधान के लिए पहली विजेता टीम को 1 लाख, 75 हजार, 50 हजार रुपए, दूसरी और तीसरी टीम को नकद ईनाम दिए। इसके अलावा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा संस्थान ने 2 टीमों को नकद 50 हजार रुपए ईनाम दिया। डेलोइत सिस्टम, परसिस्टैंट सिस्टम और के.पाई.टी. कम्पनियों द्वारा तीनों टीमों को 10-10 हजार के नकद ईनाम दिए गए इस दौरान मुख्यातिथि कविता जैन ने बताया कि आज के समय में इस क्षेत्र में प्वाइंट नंबर वन संस्थान बन गया है। युवाओं के लिए ऐसे कार्यक्रम बहुत जरूरी है जिससे उन्हें रोजगार मिलेगा। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की भी तारीफ की। इस मौके पर स्टूडैंट वैल्फेयर डीन डा. बी.बी. शर्मा, पी.आर.ओ. ओ.पी. रनौलिया, डा. निधी सिंघल, रजिस्ट्रार एल.आर. बवेजा, प्रियंका सहगल, डा. सुरेश गुप्ता, डा. विक्रम चाली, अमित दुबे, डा. विनय खत्री, सुनील ढुल, दिनेश वर्मा, राजन सलूजा, रतनदीप अनेजा, संदीप अरोड़ा, सुमन मदान, प्रीति दहिया, अतुल गौतम, इवैंट मैनेजर जिब्रान दार मौजूद रहे।

# DAINIK BHASHKAR 31/03/2018

**कार्यक्रम** पाइट में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2018 में केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावडेकर ने दिया लाइव भाषण

## 'फाइनल राउंड में पहुंचे छात्रों के रोजगार को करेंगे पहल'

भास्कर न्यूज़ | समालखा

पट्टीकल्याणा स्थित पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2018 के दौरान केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावडेकर ने लाइव भाषण दिया।




समालखा. पाइट में हैकाथॉन समारोह के दौरान सांसद रतनलाल कटारिया को प्रबंधन ने सम्मानित किया।


इस मौके पर अम्बाला से सांसद रतन लाल कटारिया, कॉलेज चेयरमैन हरिओम तायल, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रमोद विज, रोशन लाल गुप्ता डाक प्रमुख, हरियाणा सर्किल, दूरसंचार मंत्रालय से राजीव सिन्हा, अदनान अहमद, मानव संसाधन विकास मंत्रालय से निजी सचिव संजीव शर्मा, मेम्बर सेक्रेटरी सुरेश तायल और मेम्बर बीओजी राकेश तायल, निदेशक डॉ. केके पालीवाल, शहरी मंडल अध्यक्ष जगदीश रमन, बापौली मंडल प्रभारी कृष्ण छौक्कर ने हिस्सा लिया। निदेशक डॉ. केके पालीवाल ने बताया कि हैकाथॉन 2018 केंद्रीय संसाधन मंत्रालय, अखिल भारतीय तकनीकी विभाग, परसिस्टेंट सिस्टम्स, आई फोर सी का जॉइंट वेंचर है। देशभर के कई कॉलेज में ये ईवेंट चल रहा है। ग्रांड फिनाले में 40 टीमों के 240 विद्यार्थी देश के अलग-अलग हिस्सों से आए हैं। इन्हें दूरसंचार विभाग, डाक विभाग, पंजाब, हरियाणा सरकार के विभागों में आने वाली समस्याओं का विवरण दिया जाएगा। इन विद्यार्थियों को 36 घंटे में उन समस्याओं का समाधान कंप्यूटर कोडिंग से करना है। मेम्बर सेक्रेटरी सुरेश तायल ने बताया कि इवेंट में कर्नाटक, बिहार, तमिलनाडु और पंजाब से टीम पाइट के कैंपस में पहुंची है। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर के लाइव प्रसारण में इस बात की पुष्टि की गई कि फाइनल राउंड में पहुंचे सभी विद्यार्थियों के रोजगार के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय और अखिल भारतीय तकनीकी विभाग पहल करेंगे। 31 मार्च देर रात तक कोडिंग करने के बाद विभिन्न विभागों से आए जज अपना निर्णय देंगे। पहले तीन स्थानों पर रहने वाली टीमों को एक लाख, 75 हजार और 50 हजार का नकद इनाम देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

# PUNJAB KESHARI 31/03/2018

## स्मार्ट इंडिया हैकाथौंन 2018 का हुआ शुभारम्भ

समालखा, 30 मार्च (वीरेंद्र): पानीपत इंस्टीच्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी कालेज में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2018 का शुभारंभ अम्बाला के लोकसभा सदस्य रतनलाल कटारिया, कालेज चेयरमैन हरिओम तायल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमोद विज, रोशनलाल गुप्ता, डाक प्रमुख, हरियाणा सर्किल, दूरसंचार मंत्रालय से राजीव सिन्हा, डाक विभाग से अदनान अहमद, मानव संसाधन विकास मंत्रालय से निजी सचिव संजीव शर्मा, मैंबर सैक्रेटरी सुरेश तायल, मैंबर बी.ओ.जी. राकेश तायल, निदेशक डा. के.के. पालीवाल के द्वारा दीप प्रज्वलन और केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर के लाइव भाषण के साथ हुआ। इस दौरान निदेशक डा. के.के. पालीवाल ने मैगा इवेंट के बारे में बताते हुए कहा कि स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2018 केंद्रीय संसाधन मंत्रालय, अखिल भारतीय तकनीकी विभाग, परसिस्टेंट सिस्टम्स,





*स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2018 का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ करते लोकसभा सदस्य रतनलाल कटारिया, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रमोद विज, कालेज चेयरमैन हरिओम तायल व अन्य, ग्रांड फिनाले के बारे में बताते अतिथि व कालेज स्टाफ।* (वीरेंद्र)

आई.फोर.सी. का जॉइंट वेंचर है। इस इवेंट के ग्रांड फिनाले में पाईट कॉलेज में 40 टीम के 240 विद्यार्थी जो कि देश के अलग-अलग हिस्सों से आए हैं, इन्हें दूरसंचार विभाग, डाक विभाग, पंजाब एवं हरियाणा सरकार के विभागों में आने वाली समस्याओं का विवरण दिया जाएगा और ये विद्यार्थी उन समस्याओं का 36 घंटे के समय अंतराल में कम्प्यूटर कोडिंग कर इनका समाधान करेंगे। मैंबर सैक्रेटरी सुरेश तायल ने बताया कि इस इवेंट में कर्नाटक, बिहार, तमिलनाडु और पंजाब से टीम पाईट के कैंपस में पहुंचे हैं।

केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर के लाइव प्रसारण में इस बात की पुष्टि की गई कि फाइनल राउंड में पहुंचे हुए सभी विद्यार्थियों के रोजगार के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय और अखिल भारतीय तकनीकी विभाग पहल करेंगे। 31 मार्च को देर रात तक कोडिंग करने के बाद विभिन्न विभागों से आए हुए जज अपना निर्णय देंगे और पहली 3 टीमों को एक लाख, 75 हजार और 50 हजार का नकद ईनाम देकर पुरस्कृत किया जाएगा। रात्रि 8 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन विद्यार्थियों के साथ सीधे रू-ब-रू हुए। 31 मार्च को केंद्रीय रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा, राज्य मंत्री कविता जैन और डा. बी.एल. शर्मा मुख्यातिथि रहेंगे। मौके पर स्टूडेंट वेल्फेयर डीन डा. बी.बी. शर्मा, पी.आर.ओ.ओ.पी. रंगोलिया, डा. निधी सिंघल, रजिस्ट्रार एल.आर. बत्रेजा, प्रियंका सहगल, डा. सुरेश गुप्ता, डा. विक्रम बाली, अमित दुबे, डा. विनय खत्री, सुनील दूल, राजन सलूजा, रतनदीप अनेजा, संदीप अरोड़ा, सुमन मदान, प्रीति दहिया, अतुल गौतम और इवेंट मैनेजर जिब्रान दास आदि मौजूद रहे।

# HARI BHOOMI 31/03/2018

## पाइट में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का शुभारंभ

■ सांसद रतन लाल कटारिया दीप जला कर हैकाथॉन का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2018 का शुक्रवार को अंबाला के लोकसभा सदस्य रतन लाल कटारिया, कॉलेज चेयरमैन हरिओम तायल, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रमोद विज, रोशन लाल गुप्ता, डाक प्रमुख, हरियाणा सर्किल, दूरसंचार मंत्रालय से राजीव सिन्हा, डाक विभाग से अदनान अहमद, मानव संसाधन विकास मंत्रालय से निजी सचिव संजीव शर्मा, पाइट के मेंबर सेक्रेटरी सुरेश तायल, और मेंबर बीओजी राकेश तायल, निदेशक डॉ. केके पालीवाल ने संयुक्त रूप से दीप जला कर शुभारंभ किया। वहीं कार्यक्रम में केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावडेकर के लाइव भाषण हुआ। पाइट के निदेशक डॉ. केके पालीवाल ने इस मेगा इवेंट के बारे में बताते हुए कहा कि स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2018 केंद्रीय संसाधन मंत्रालय, अखिल भारतीय तकनीकी विभाग, परसिस्टेंट सिस्टम्स, आई फोर सी का ज्वाइंट वेंचर है। इस इवेंट के ग्रांड फिनाले में पाईट कॉलेज में 40 टीम के 240 विद्यार्थी र जा कि देश के अलग अलग हिस्सों से आए है इन्हें दूरसंचार विभाग, डाक विभाग, पंजाब एवं. हरियाणा सरकार के विभागों में आने वाली समस्याओ का विवरण दिया जाएगा। सुरेश तायल ने बताया कि इस इवेंट में कर्नाटक, बिहार, तमिलनाडु और पंजाब से टीम पाइट के कैंपस में पहुंच चुकी है। वहीं मेहमान विद्यार्थियों को पाईट की ओर से हर संभव सुविधा दी जा रही है। इधर, केंद्रीय मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर के लाइव प्रसारण में इस बात की पुष्टि की गई कि फाइनल राउंड में पहुंचे हुए सभी विद्यार्थियों के रोजगार के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय और अखिल भारतीय तकनीकी विभाग ठोस पहल करेगा। वहीं 31 मार्च को देर रात तक कोडिंग करने के बाद विभिन्न विभागों से आए हुए जज अपना निर्णय देंगे और पहली तीन टीमो को एक लाख , 75 हजार, और 50 हजार का नकद इनाम देकर पुरस्कृत किया जाएगा। रात्रि 8 बजे प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी इन विद्यार्थियों के साथ लाइव रूबरू होंगे। इस अवसर पर स्टूडेंट वेलफेयर डीन डॉ. बीबी शर्मा, ओपी रनोलिया, डॉ. निधी सिंघल, रजिस्ट्रार एलआर बबेजा समेत बडी संख्या में शिक्षाविद् व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



समालखा। पाइट में कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारंभ करते अतिथि।

# DAINIK JAGRAN 31/03/2018

## लाइव प्रोग्राम में उत्साह, खुद रूबरू न होने का मलाल

### तकनीकी कारणों से पाइट के विद्यार्थियों का प्रधानमंत्री से नहीं हुआ संवाद, पीएम बोले–देश के सामने चुनौतियां कम नहीं

जागरण संवाददाता, समालखा : पाइट में आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के दौरान 40 कॉलेजों के करीब 250 विद्यार्थियों ने पीएम नरेंद्र मोदी का लाइव प्रोग्राम तो देखा। उनके भाषण से प्रेरणा ली, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण उनका पीएम के साथ वार्तालाप नहीं हो सका। नोएडा नगर, बनारस, भुवनेश्वर, पुणे और चेन्नई के विद्यार्थियों को ही पीएम के सामने अपने सुझाव को रखने का अवसर मिला। करीब एक घंटे पांच मिनट तक चले प्रोग्राम में परिवहन, सार्वजनिक संपत्ति, जल संरक्षण, बेरोजगारी आदि से जुड़े समस्याओं पर विद्यार्थियों ने अपना सुझाव दिया।

पीएम ने कहा कि जिस देश में 35 वर्ष से कम आयु का 65 प्रतिशत नौजवान हो वहां नई तरक्की को असीमित बल मिल सकता है। यहीं युवाओं की खोजी सोच है। उन्होंने कहा कि देश के सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। उन्हें तकनीक से ही दूर किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से ऐसे एप बनाने को कहा, जिससे सेंसर खेत में नमी और पानी की जरूरत के बारे में किसानों को हमेशा जानकारी देते रहे। बच्चों में नई आइडिया का होना जरूरी है। इनोवेशन से पेटेंट, प्रोटोटाइप और प्रोसपर तीनों का रास्ता निकलता है। पीएम ने कहा कि भारत में दुनिया की आबादी के 17 प्रतिशत लोग रहते है, जबकि यहां पानी की मात्रा चार प्रतिशत है।

**विद्यार्थियों में दिखी मायूसी** : जबलपुर के अभ्युदय शुक्ला और रितुजा ने कहा कि पोस्टल सर्विस से संबंधित उनका शोध था। तकनीकी कारणों के कारण पीएम से वे रूबरू नहीं हो सके, लेकिन उनके भाषण से उन्हें ऊर्जा मिली है। एआईसीटीई के अधिकारी एमपी पुनिया और आरके सोनी ने कहा कि तकनीकी कारणों से हमें मायूसी मिली है, लेकिन वे पीएम के विचार और प्रयास से बेहद खुश हैं।



विद्यार्थियों से संवाद करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ● जागरण

**सांसद ने किया शुभारंभ**

अंबाला से एमपी रतन लाल कटारिया, हरिओम तायल, बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रमोद विज, रोशन लाल गुप्ता, डाक विभाग के अधिकारी राजीव सिन्हा व अदनान अहमद, एमएचआरडी के संजीव शर्मा, बीओजी सुरेश व राकेश तायल, निदेशक केके पालीवाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर सुबह में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं रात में केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावडेकर के भाषण बाद 8.17 बजे पीएम का लाइव भाषण शुरू हुआ जो 9.20 पर समाप्त हुआ।




पाइट कॉलेज में आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में भाग लेने पहुंचे विद्यार्थी ● जागरण

# YUGMARG 30/03/2018

SMART INDIA HACKATHON 2018

## *Modi to address students of Panipat IET today*



Vijayant Sharma
PANIPAT, MARCH 29

Panipat Institute of Engineering and Technology has been selected among six nodal centres where Prime Minister Narender Modi will address the students of college during the Mega Event 'Smart India Hackathon 2018' at 8 pm on March 30.

This information was given at a press conference conducted on college campus. Chairman Hari Om Tayal, Member Secretary Suresh Tayal, Member BOG Rakesh Tayal and Director Dr. K.K. Paliwal, Dr. Parveen Kumar Saraswal, SSPOS, Kamal were also present.

RakeshTayal talked about the event and said Smart India Hackathon is a joint venture of Ministry of Human Resource Development, All India Council of Technical Education, Persistent Systems . More than 30 lakh students of 6400 Institutions participated in the vent in the first round and 10,300 students finally got selected in Grand Finale Round. He said Grand Finale will be conducted in 28 institutions across the country and PIET is one of the 6 Nodal Centres where Prime Minister Shri Narender Modi will address the students of college. About the event,Suresh Tayal said that more than 400 problems of Central Government Education Ministry, Information & Technology Department, Agricultural, Telecommunication, Railway, Defence, Water and Irrigation Ministry will be given to students in Final Round and they have to solve the problems in 36 hours of time coding on computers.

# YUGMARG 31/03/2018

## Kataria inaugurates Smart India Hackathon 2018 at Panipat

VIJAYANT SHARMA
PANIPAT, MAR 30

SMART INDIA HACKATHON 2018 was inaugurated in Panipat Institute of Engineering & Technology. Chief Guest Member of Parliament from Ambala Ratan Lal Kataria and other guests including College Chairman Hari Om Tayal , BJP District President Parmod Vij, Roshan Lal Gupta, Rajeev Sinha from Ministry of Telecom, Col. Sukhdev Raj, Chief Postmaster General, HaryanaCircle, Adam Ahmad , Deputy Director General(PO) , Sanjeev Sharma, Private Secretary, MHRD, Suresh Tayal , Member Secretary , Rakesh Tayal, Member BOG, Dr K. K. Paliwal, Director lighted the lamp to inaugurate the programme SIH-2018. Dr. K.K Paliwal described the



event and said that that SIH-2018 is a joint venture of MHRD, AICTE, Persistent Systems and i4c. Total 240 students from different parts of country in 36 teams are participating in the Grand Finale at PIET. They will be given problems by Ministry of Telecom, Postal and state government departments. They have to solve those problems in 36 hours duration of coding on computer. Member Secretary Suresh Tayal told that students from Tamil Nadu, Bihar, Karnataka and Punjab are participating in this mega event. Central Minister Prakash Javdekar congratulated all participants of different colleges in his speech to all students. He said that employment of all students who have reached in Final Round will be taken care by MHRD and AICTE. Dr. M.P. Punia, Vice Chairman also congratulated students and wished them good luck for final. Judgment will be given by Judges from different departments. The cash Prizes of One lakh, 75,000, 50,000 will be given to First, second and third teams. At 8 pm Prime Minister Narendra Modi will address students live and he will interact with them. Central Minister ManojSinu, and Women empowerment state minister Kavita Jain will be Chief guests on valedictory ceremony on March 31. Student welfare Dean Dr. B.B. Sharma, PRO O.P Ranolia , Dr. Nidhi Sinhal, L.R.Baweja, Priyanka Sehgal, Dr. SC Gupta, Dr. Vikram Bali, Sunil Dhul, Amit Dubey, Suman Madaan, Rajan Saluja, Atul Gautam and Event Manager Were also present on the occasion .

# DAINIK TRIBUNE 30/03/2018

## पाईट बना स्मार्ट इंडिया का नोडल सेन्टर

**समालखा (निस) :** पाइंट कालेज के चेयरमैन हरिओम तायल ने कहा कि पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2018 के उन 6 नोडल सेन्टर्स में चुना गया जहां देश के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी यहां के विद्यार्थियों से हैकाथॉन इवेंट के दौरान सीधे रूबरू होंगे। कालेज में आयोजित वार्ता में सदस्य सचिव सुरेश तायल, और मेम्बर बी ओ जी राकेश तायल, निदेशक डॉ. के के पालीवाल ने बताया कि स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2018 केन्द्रीय संसाधन मंत्रालय अखिल भारतीय तकनीकी विभाग, परसिस्टेंट सिस्टम्स, आई फोर सी का जॉइंट वेंचर है। इस इवेंट में 6400 से ज्यादा इंजीनियरिंग कॉलेज के 30 लाख छात्रों ने प्रतिस्पर्धा की। ग्रांड फाइनल इवेंट का आयोजन देश के अलग अलग हिस्सों में 28 कॉलेज में किया जा रहा है।

दैनिक ट्रिब्यून Fri, 30 March 2018
epaper.punjabitribuneonline.

# HARI BHOOMI 30/03/2018

## पाइट बना नार्थ इंडिया में स्मार्ट इंडिया हैकाथोंन-2018 का नोडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ समालखा

■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को पाइट के विद्यार्थियों से रूबरू होंगे

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज (पाइट) को स्मार्ट इंडिया हैकाथोंन 2018 के उन छह नोडल सेंटर्स में चुना गया जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को रात 10 बजे यहां के विद्यार्थियों से हैकाथोंन इवेंट के दौरान सीधे रूबरू होंगे। वीरवार को यह जानकारी पाइट में आयोजित प्रेसवार्ता में चेयरमैन हरिओम तायल ने दी। स्मार्ट इंडिया हैकाथोंन 2018 केंद्रीय संसाधन मंत्रालय, अखिल भारतीय तकनीकी विभाग, परसिस्टेंट सिस्टम्स, आई फोर सी का ज्वाइंट वेंचर है। इस इवेंट में 6400 से ज्यादा इंजीनियरिंग कॉलेज के 30 लाख छात्रों ने प्रतिस्पर्धा की और फाइनल राउंड के लिए लगभग 10300 विद्यार्थियों का चयन हुआ। ग्रांड फाइनल इवेंट का आयोजन देश के अलग अलग हिस्सों में 28 कॉलेज में किया जा रहा है। और पाईट, देश के उन छह नोडल सेंटर्स में से एक है जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों से लाइव बातचीत करेंगे। इवेंट की जानकारी देते हुए पाईट के मेंबर सेक्रेटरी सुरेश तायल ने बताया कि इस इवेंट में शिक्षा मंत्रालय, इनफार्मेशन एंड टेक्नोलॉजी विभाग, परिवहन, कृषि, रेलवे, डिफेंस, दूरसंचार, वाणिज्य एवं अन्य केंद्रीय और राज्य स्तरीय विभागों द्वारा 400 से भी ज्यादा समस्याओ का विवरण ग्रांड फाइनल में पहुंचे हुए विद्यार्थियों को दिया जाएगा। वहीं 36 घंटे के समय में इन विद्यार्थियों को इन समस्याओं का कंप्यूटर पर कोडिंग करके हल निकालना होगा। प्रेस वार्ता के दौरान डॉ केके पालीवाल, राकेश तायल, डॉ बीबी शर्मा, ओपी रनोलिया, राजन सलूजा आदि उपस्थित रहे।

# PUNJAB KESHARI 30/03/2018

## पाईट बना नार्थ इंडिया में स्मार्ट इंडिया हैकाथोंन 2018 का नोडल सैंटर

समालखा, 29 मार्च (वीरेंद्र): पानीपत इंस्टीच्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी कालेज को स्मार्ट इंडिया हैकाथोंन 2018 के उन 6 नोडल सैंटर्स में चुना गया। जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को रात 10 बजे यहां के विद्यार्थियों से हैकाथोंन इवेंट के दौरान सीधे रू-ब-रू होंगे और विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे। ये जानकारी कालेज में आयोजित प्रैसवार्ता के दौरान दी गई। जिसमें कालेज चेयरमैन हरिओम तायल, मैम्बर सैक्रेटरी सुरेश तायल और मैंबर सी.ओ.जी. राकेश तायल, निदेशक डा. के.के. पालीवाल मौजूद रहे। मैम्बर सी.ओ.जी. राकेश तायल ने इस मैगा इवेंट के बारे में बताते हुए कहा कि स्मार्ट इंडिया हैकाथोंन 2018 केंद्रीय संसाधन मंत्रालय, अखिल भारतीय तकनीकी विभाग, परसिस्टेंट सिस्टम्स, आई.फोर.सी. का जॉइंट वेंचर है। इस इवेंट में 6400 से ज्यादा इंजीनियरिंग कालेज के 30 लाख छात्रों ने प्रतिस्पर्धा की और फाइनल राऊंड के लिए लगभग 10,300 विद्यार्थियों का चयन हुआ। ग्रांड फाइनल इवेंट का आयोजन देश के अलग-अलग हिस्सों में 28 कालेज में किया जा रहा है और पाइट कॉलेज देश के उन 6 नोडल सैंटर्स में से एक है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों से लाइव बातचीत करेंगे। इवेंट की जानकारी देते हुए सुरेश तायल ने बताया कि इस इवेंट में शिक्षा मंत्रालय, इनफार्मेशन एंड टैक्नोलॉजी विभाग, परिवहन, कृषि, रेलवे, डिफेन्स, दूरसंचार, वाणिज्य एवं अन्य केंद्रीय और राज्य स्तरीय विभागों द्वारा 400 से भी ज्यादा समस्याओं का विवरण ग्रांड फाइनल में पहुंचे हुए विद्यार्थियों को दिया जाएगा और 36 घंटे के समय में इन विद्यार्थियों को इन समस्याओं का कम्प्यूटर पर कोडिंग करके हल निकालना होगा और कार्यक्रम के अंत में पहली तीन टीमों को एक लाख, 75 हजार और 50 हजार का नकद इनाम देकर पुरस्कृत किया जाएगा। बताया गया कि 30 मार्च को कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य रूप से मैम्बर ऑफ पार्लियामैंट रतनलाल कटारिया, ए.आई.सी.टी.ई के वाइस चेयरमैन डा. एम.पी. पूनिया, डा. नीतू भगत, एस.एस. संधू, दीनबंधु छोटू राम विश्वविद्यालय के वाइस चेयरमैन डा. राजेंद्र अनायथ अतिथि रहेंगे और 31 मार्च को केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा, राज्य मंत्री कविता जैन और डा. बी.एल. रामा मुख्यअतिथि रहेंगे। इस मौके पर निदेशक के.के. पालीवाल, स्टूडैंट वैल्फेयर डीन डा. बी.बी. शर्मा, पी.आर.ओ. ओ.पी. रनोलिया और राजन सलूजा मौजूद रहे।



प्रैसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए कालेज पदाधिकारी। (वीरेंद्र)

MARKET WATCH
ज्योतिष
चिकित्सा
सैक्स समस्याएं

# DAINIK JAGRAN 30/03/2018

आयोजन | 30 मार्च की रात 8 से 8.30 बजे तक पीएम छह केंद्रों के इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों से करेंगे सवाल-जवाब

## स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का नॉर्थ सेंटर बना पाइट



जानकारी देते बीओजी राकेश तायल व सुरेश तायल।

जागरण संवाददाता, समालखा : पट्टीकल्याणा स्थित पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2018 के छह नोडल केंद्रों में चुना गया है। 30 मार्च को सायं 8.00 से 8.30 बजे तक पीएम नरेंद्र मोदी छह केंद्रों के इंजीनियरिंग विद्यार्थियों के साथ लाइव संवाद करेंगे। जनहित से जुड़े पानी, सूचना तकनीकी, बिजली, इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे मंत्रालयों की समस्याओं के समाधान के लिए उनके प्रस्ताव के बारे में जानकारी लेंगे। यह जानकारी पाइट के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य राकेश तायल ने पत्रकारों को दी।

उन्होंने कहा कि देश हित में उपरोक्त समस्याओं पर बेहतर सुझाव देने वाले पहले, दूसरे और तीसरे स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एक लाख, 75 हजार और 50 हजार रुपये का पुरस्कार भी दिया जाएगा। उनके कॉलेज के इलेक्ट्रॉनिक और सूचना तकनीकी के चार विद्यार्थियों को इसमें भाग लेने का मौका मिला है।

30 मार्च को कॉलेज परिसर में अंबाला के सांसद रतनलाल कटारिया कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। एआइसीटीई के वाइस चेयरमैन डॉ. एमपी पूनिया, डॉ. नीतू भगत, एसएस संधू, वाइस चेयरमैन डॉ. राजेंद्र अनायथ विशिष्ट अतिथि होंगे। 31 मार्च को केंद्रीय मंत्री मनोज सिन्हा, प्रदेश की मंत्री कविता जैन, डॉ. बोपल रामा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

# DAINIK BHASHKAR 30/03/2018


## हैकाथॉन : आज छात्रों से रूबरू होंगे पीएम



समालखा | पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2018 के 6 नोडल सेंटर्स में चुना गया। पीएम नरेंद्र मोदी 30 मार्च की रात 8 बजे विद्यार्थियों से हैकाथॉन इवेंट के दौरान रूबरू होंगे। 30 मार्च को कार्यक्रम में सांसद रतन लाल कटारिया, आईसीटीई के वाइस चेयरमैन डॉ. एमपी पुनिया, डॉ. नीतू भगत, एसएस संधू, डॉ. राजेंद्र अनायथ अतिथि होंगे। प्रेसवार्ता में संस्थान के चेयरमैन हरिओम तायल, मेंबर बीओजी राकेश तायल, मेंबर सेक्रेटरी सुरेश तायल और निदेशक डॉ. केके पालीवाल, स्टूडेंट वेलफेयर डीन डॉ. बीबी शर्मा, ओपी रनौलिया और राजन सलूजा मौजूद रहे।

# DAINIK BHASHKAR 09/03/2018

## पाइट में गरीब महिलाओं को बांटी सिलाई मशीनें



समालखा| पाइट में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कई गरीब महिलाओं को सिलाई मशीन बांटी गई। इस मौके पर आईजी क्राइम ब्रांच डॉ. राजश्री सिंह, आयकर विभाग पानीपत रेंज की जॉइंट कमिश्नर मोनिका सिंह, सीजेएम कम सेक्रेटरी डीएलएसए मोहित अग्रवाल, पैरालंपिक चैंपियन राज अहलावत, एसिड अटैक सरवाइवर ऋतु सैन, प्रेसिडेंट बीजेपी महिला विंग पानीपत डॉ. अर्चना गुप्ता, पट्टीकल्याणा की सरपंच निशा छौक्कर, कॉलेज चेयरमैन हरिओम तायल, राकेश तायल, डॉ. केके पालीवाल, डॉ. वीवी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# DAINIK JAGRAN 09/03/2018

जागरूकता | पाइट कॉलेज में विश्व महिला दिवस के अवसर पर गुरुग्राम की आइजी ने की शिरकत, महिलाओं को किया प्रेरित

## महिला एक शक्ति, प्रेरणा व कुर्बानी की देवी है : डॉ. राजश्री

जागरण संवाददाता, समालखा : पाइट कॉलेज में विश्व महिला दिवस के अवसर गुरुग्राम की आइजी डॉ. राजश्री सिंह ने कहा कि महिला कभी कमजोर नहीं थी और न है। सभी काल में समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है।

मुस्लिम शासन के दौरान सुरक्षा और पाबंदी से वह घर तक सिमट कर रह गई। आज भी उनके अंदर वह ऊर्जा है जो वह किसी मुकाम को हासिल कर सकती है। महिला एक शक्ति, प्रेरणा व कुर्बानी की देवी है। राजश्री मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। विशिष्ट अतिथि आयकर विभाग के संयुक्त आयुक्त मोनिका सिंह ने कहा कि महिलाओं के शारीरिक और मानसिक

**आयकर विभाग की संयुक्त आयुक्त मोनिका बोलीं - महिलाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत होना होगा**

रूप से मजबूत होने से उनके खिलाफ हो रही अपराध पर रोक लग सकती है। महिलाओं को सुंदरता से अधिक बौद्धिक स्तर सुधारने पर जोर देना चाहिए। भाजपा महिला विंग की जिला प्रधान डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि महिला सुरक्षा एक गंभीर विषय है। सीजेएम मोहित अग्रवाल ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। वे अभियान चलाकर महिलाओं को उनके अधिकार और कर्तव्य के बारे में जागरूक कर रहे हैं। राज अहलावत, पैराओलंपियन रितु सैनी, एसिड अटैक सरवाइवर रितु रोहतक, रोटेरियन राजीव व विवेक, सरपंच निशा छौक्कर, थंडर गर्ल जान्हवी, आदित्य भाटिया, प्रज्ञा पाटिल ने भी अपने जीवन के अनुभव और प्रयास को सभी के सामने व्यक्त किया। पाइट के प्रबंधक हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, राकेश तायल ने मुख्य अतिथि सहित अन्य को स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर केके पालीवाल, वीवी शर्मा, ओपी रनोलिया, एसके खन्ना, रवींद्र, राजन खुराना, राहुल गुलाटी, हरकिशन, अंकित गर्ग, शिवानी, अभिषेक और उदय मौजूद रहे।



मुख्य अतिथि आइजी गुरुग्राम राजश्री का स्वागत करते प्रबंधन के अधिकारी • जागरण

# PUNJAB KESHARI 09/03/2018

# 'महिलाओं का सम्मान होना जरूरी'



मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए कॉलेज के चेयरमैन हरिओम तायल। (वीरेंद्र)

समालखा, 8 मार्च (वीरेंद्र) : पाइट कॉलेज समालखा में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यातिथि राजश्री सिंह, आई.जी. क्राइम ब्रांच और अति विशिष्ट अतिथि मोनिका सिंह, ज्वाईंट कमिश्नर मोहित अग्रवाल, सी.जे.एम. कम सैक्रेटरी डी.एल.एस.ए. राज अहलावत, पैरालिम्पिक चैंपियन रितु सैनी, एसिड अटैक सरवाईवर अर्चना गुप्ता, कॉलेज चैयरमैन सुरेश तायल, मैम्बर सैक्रेटरी राकेश तायल, डा.के.के.पालीवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर हुई। बी.जे.पी. महिला विंग की राहुल गुलाटी, हरी कृष्ण, अक्षित गर्ग, शिवानी, अभिषेक और उदय मौजूद रहे। इस अवसर पर 212 महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भीम सिंह सचिव एच.जी.वी.एस., प्रवीन, पूनम, गायत्री, निशा, शीतल, महावीरी, ममता, कुसुमलता, संयोगिता व उषा आदि ने भाग लिया।

पंजाब केसरी Fri, 09 March 2018
ई-पेपर epaper.punjabkesari.in//c/26877019



पानीपत। पाइट में अतिथियों का स्वागत करते हुए मेजबान। फोटो :हरिभूमि

# निर्धन महिलाओं को सिलाई मशीनें बांटी

पानीपत। पाइट कॉलेज समालखा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यातिथि डॉ. राजश्री सिंह, आईजी क्राइम ब्रांच और अति विशिष्ट अतिथि मोनिका सिंह, ज्वॉइंट कमिश्नर, मोहित अग्रवाल सीजेएम कम सेक्रेटरी, डीएलएसए, राज अहलावत, पैरालिपिक चैंपियन, रितु सैनी, एसिड अटैक सरवाईवर, डॉ. अर्चना गुप्ता, प्रेसिडेंट बीजेपी महिला विंग पानीपत, रोटेरियन राजीव, रोटेरियन विवेक, निशा छौक्कर, सरपंच, पट्टीकल्याणा, वंडर गर्ल जांहवी, आदित्य भाटिया, हरिओम तायल, कॉलेज चेयरमैन, सुरेश तायल, मेंबर सेक्रेटरी, राकेश तायल, मेंबर बीओजी डॉ. केके पालीवाल, निदेशक पाईट डॉ. बीबी शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर द्वारा दीप प्रज्जवलित करके हुई। वहीं डॉ. केके पालीवाल ने मुख्यातिथि राजश्री और अन्य अतिथियों का स्वागत किया। बीजेपी महिला विंग की प्रेसिडेंट डॉ. अर्चना गुप्ता ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाए देते हुए कहा कि आज के दौर में महिला का सम्मान होना बहुत जरुरी है। हमें अपनी सोच बदलनी होगी। बेटे बेटी को बराबर का हक मिलना चाहिए। जबकि दर्जा पाटिल, गिनीज बुक रिकॉर्ड होल्डर ने भी अपने भाषण में नारी शक्ति को बढ़ावा देने की बात कही। मिस रितु जो की एसिड अटैक झेल चुकी है उन्होंने भी कॉलेज की छात्राओं को सबल बनने के लिए प्रेरित किया। मोनिका सिंह ने कहा कि आज नारी किसी क्षेत्र में पीछे नहीं रही है हर क्षेत्र में ही नारी का कद बड़ा है। सीजेएम मोहित अग्रवाल ने भी महिला दिवस की सबको बधाई देते हुए कहा कि उन्हें बहुत अच्छा लगता है कि आजकल शिक्षा क्षेत्र में महिलाओं का योगदान बहुत बढ़ गया है। मुख्यातिथि राजश्री ने कहा कि महिला इस समाज का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# DAINIK JAGRAN 08/03/2018

# नन्ही डांस सनसनी अब सबकी प्रेरणा, दिलों पर किया राज



## पाइट का वादा, उठाएंगे शिक्षा का खर्च

वैष्णवी की मां सोनिया ने बताया कि पाइट कॉलेज के चेयरमैन व ललित गोयल आदि वैष्णवी को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा छोड़कर आए, वहां से प्लेन द्वारा मुंबई जाएगी। 12 मार्च को उसका शूट है, 24 मार्च को ग्रैंड फिनाले होगा। पाइट के हरिओम तायल व राकेश तायल ने वादा किया कि वैष्णवी जब तक चाहे, उनके संस्थान में मुफ्त पढ़ सकती है।

# DAINIK BHASHKAR 08/03/2018


## सुपर डांस के टॉप-5 में पहुंची वैष्णवी ने मांगे वोट



समालखा| पाइट परिसर में बुधवार को सोनी टीवी पर प्रसारित होने वाले सुपर डांसर शो की वैष्णवी का लाइव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वैष्णवी सुपर डांस के टॉप-5 में पहले ही पहुंच चुकी है। वह पाइट के विद्यार्थियों से अपने लिए वोट मांगने पहुंची, ताकि विजेता बन सके। कॉलेज मेम्बर बीओजी राकेश तायल ने कहा कि पाइट संस्थान की तरफ से वैष्णवी को जब तक वो पढ़ना चाहे उसे पाइट संस्कृति स्कूल में फ्री शिक्षा दी जाएगी। इस अवसर पर वैष्णवी के पिता सोनू सिंह, सुरेश गुप्ता, प्रियंका, सुनील ढुल, दिनेश वर्मा, राजन सलूजा, छाया प्रजापति, स्नेह रनोलिया मौजूद रहे।

# PUNJAB KESHARI 08/03/2018

# कालेज में वैष्णवी ने दी डांस की प्रस्तुति



*कार्यक्रम में कैटवॉक करती वैष्णवी।* (वीरेंद्र)



*वैष्णवी को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते कालेज स्टाफ, साथ में वैष्णवी के अभिभावक।* (वीरेंद्र)

## ट्राफी, गिफ्ट के साथ वैष्णवी को मिला फ्री शिक्षा का उपहार

समालखा, 7 मार्च (वीरेंद्र) : प्वाइंट कालेज समालखा में सोनी टी.वी. पर प्रसारित होने वाले सुपर डांसर शो की 5 वर्ष की वैष्णवी का लाइव कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

पानीपत के तहसील कैम्प की रहने वाली वैष्णवी जो कि सुपर डांसर के टॉप 5 में पहले ही पहुंच चुकी है, वह प्वाइंट कालेज के विद्यार्थियों से अपने लिए वोट मांगने पहुंची। वैष्णवी के साथ सोनी टी.वी. की टीम, वैष्णवी के पिता सोनू सिंह, माता सोनिया, मामा और बुआ भी साथ पहुंचे। कालेज के चेयरमैन हरिओम तायल और मैंबर बी.ओ.जी. राकेश तायल, निदेशक डा. के.के. पालीवाल, प्रबंधक एस.के. खन्ना, पी.आर.ओ. ओ.पी. रनोलिया ने वैष्णवी और उसके परिवार का अभिनंदन किया। तत्पश्चात वैष्णवी ने नए-नए गीतों पर डांस कर प्रस्तुति भी दी और छात्र-छात्राओं को डांस स्टैप भी सिखाए। कालेज के मैंबर बी.ओ.जी. राकेश तायल ने वैष्णवी को ट्राफी और गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इसके साथ-साथ प्वाइंट संस्थान की तरफ से वैष्णवी को जब तक वह पढ़ना चाहे, उसे प्वाइंट संस्कृति स्कूल में फ्री शिक्षा देने का तोहफा दिया।

## बेटी के नाम से मिली पहचान : पिता


इतना बड़ा तोहफा पाकर वैष्णवी के पिता सोनू सिंह भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि मेरे माता-पिता का मेरे बचपन में ही स्वर्गवास हो गया था। तब मेरी उम्र मात्र 11 वर्ष की थी और तब से अपनी जीविका कभी सब्जी बेचकर, कभी कुल्फी बेचकर और कभी चाय बेचकर चलाई। उसके बाद विवाह हुआ और मेरे घर में वैष्णवी नाम से लक्ष्मी ने जन्म लिया, जिससे मुझे भी समाज में पहचान मिली। इस मौके पर सुरेश गुप्ता, प्रियंका, सुनील दुल, दिनेश वर्मा, राजन सलूजा, छाया प्रजापति, स्नेह रनोलिया व ललित गोयल आदि मौजूद रहे।

# DAINIK BHASHKAR 03/02/2018

# दिल मेरा वी करदा छडदां, पर तेरी आदत पै गई है... पर झूमे विद्यार्थी

## पाइट में मैस्ट्रोज-2018 के दूसरे दिन निंजा एंड जयविजय सचिन ने दी प्रस्तुति


भास्कर न्यूज | समालखा



समालखा. पाइट में एक्सक्लूसिव ईवनिंग विद में प्रस्तुति देते गायक निंजा।


पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी (पाइट) में चल रहे मैस्ट्रोक-2018 के दूसरे दिन एक्सक्लूसिव इवनिंग विद निंजा एंड जयविजय सचिन के साथ रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंजाबी सिंगर निंजा ने विभिन्न गाने प्रस्तुत किए। निंजा ने एक से बढ़कर एक पंजाबी व हरियाणवी गाने सुनाए। निंजा ने दिल मेरा वी करदा छडदां, पर तेरी आदत पै गई है गीत पर कॉलेज के छात्र-छात्राएं नाचने गाने पर मजबूर हो गए। निंजा ने मैं हरियाणा का जाट ना करिए तीन पांच ना तै गोडे नीचे आ ज्यागा गानों पर विद्यार्थियों जोश में भर गया।

दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ हरिओम तायल, चेयरमैन, सुरेश तायल सचिव ने किया। दूसरे दिन की विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली, सोनीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, रादौर, पानीपत के कॉलेजों ने भाग लिया। रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। ग्रुप डांस, सोलो डांस, पोएट्री, रोडीज, फेस पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति, शतरंज प्रतियोगिता, एड मेड शो, सोलो सिंगिंग और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। विजेता प्रतिभागियों को हरिओम तायल ने मेडल, सर्टिफिकेट और उनकी योग्यता अनुसार नकद राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजीव तायल, एसके खन्ना, डॉ. बीबी शर्मा, श्वेता तायल, योति तायल, डॉ. एससी गुप्ता आदि मौजूद रहे।



पाइट में चल रहे मैस्ट्रोज-2018 में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

# DAINIK JAGRAN 03/02/2018





## मैं हरियाणा का जाट, ना करिये तीण-पांच, ना तै गौडे नीचे आ ज्यागया...


समालखा : पट्टीकल्याणा स्थित पाइट शिक्षण संस्थान में चल रहे मैस्ट्रोज 2018 के तीसरे दिन शुक्रवार शाम कॉमेडियन जयविजय व पंजाबी गायक निंजा की जोड़ी ने रंग जमाया। एक ने अपनी कॉमेडी के जरिये जहां सभी दर्शकों को लोट पोट कर दिया, वहीं दूसरे ने गानों की धुन पर झूमने को मजबूर कर दिया। कॉमेडियन ने हरियाणवी लहजे व बोल पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि ये चाहे कहीं चले जाएं लेकिन अपनी बोली से तुरंत पकड़े जाते हैं, क्योंकि अकड़ ही ऐसी है। वहीं इसके बाद गायक निंजा ने मंच पर पहुंच धूम मचाई। निंजा ने हरियाणवी गीत, 'मैं हरियाणा का जाट, ना करिये तीण-पांच, ना तै गौडे नीचे आ ज्याग्या...' पर भी जमकर तालियां बटोरी।

### बिना लक्ष्य के जीवन बेकार, हर युवा आगे बढ़े : हरिओम तायल

संस्थान के चेयरमैन हरिओम तायल ने कहा कि बिन लक्ष्य जीवन बेकार है। अगर लक्ष्य नहीं होगा तो आप मन से आगे नहीं बढ़ पाओगे, इसलिए हर युवा शिक्षा के साथ जीवन में अपना आगे बढ़ना का लक्ष्य भी बनाकर चले। इस अवसर पर सचिव सुरेश तायल, राकेश तायल, निदेशक केके पालीवाल, प्रशासक एसके खन्ना, एसके वधवा, रानो तायल, प्रतीक तायल, निधि, हर्ष, पंकज सिंगला, भुनेश बंसल, उमेद गोयल, संजय अग्रवाल, नरेश बराड़, डॉ. वीवी शर्मा, एलआर चढ्ढा, राजीव तायल, डॉ. एससी गुप्ता, ओपी रनोलिया मौजूद रहे।

# PUNJAB KESARI 03/02/2018

## कामेडी व पंजाबी सिंगर ने मोहा मन



*पंजाबी गायक निंजा स्टेज पर अपनी परफॉर्मेंस दिखाते हुए व संस्था के पदाधिकारी राकेश तायल पंजाबी गायक निंजा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए।*

समालखा 2 फरवरी (वीरेंद्र): कालेज में तीसरे और समापन दिवस के मैस्ट्रो उस कार्यक्रम में स्टार नाइट मुंबई से आई कॉमेडियन जय विजय सचान और पंजाबी सिंगर निजा द्वारा भव्य आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कालेज चेयरमैन हरिओम पायल, सुरेश पायल, राकेश पायल, पानीपत थर्मल पावर प्लांट से चीफ इंजीनियर एस.के. वधवा, डी.एस.पी. नरेश अहलावत आदि द्वारा सामूहिक रुप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समापन मैस्ट्रो उस कार्यक्रम में मुंबई से आए जय विजय सत्संग ने कॉमेडी को पेश किया और पंजाबी गायक निंजा ने मंच पर धूम मचाई उन्होंने आदत रवीना पिंड वाले, जट्ट जमाना, भाभी फ्लाइंग कार जैसे पंजाबी गीतों से दर्शकों का खूब मन मोहा। संस्था विशेष पदाधिकारी राकेश तायल ने कहा कि यह जो कार्यक्रम संस्था की ओर से किया जाता है वह विद्यार्थियों के मनोरंजन और एक नई राह दिखाने के लिए किया जा रहा है।

# DAINIK BHASHKAR 29/01/2018

पाइट कॉलेज में दीक्षांत समारोह

## एक हजार से अधिक विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की डिग्री दी

समालखा। पट्टीकल्याणा स्थित पाइट कॉलेज में रविवार को चतुर्थ दीक्षांत समारोह कार्यक्रम हुआ। इस दौरान एक हजार से अधिक विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की डिग्री वितरित की गयी। 760 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पदक एवं सर्टिफिकेट दिए गए। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पोजीशन लेने वाले 17 विद्यार्थियों ने संस्थान के प्रांगण में पौधरोपण किया। उन्हें एक कोड दिया गया, जिसके जरिए वो अपने नाम के पौधे को ऑनलाइन देख सकते हैं। इस दौरान मुख्य अतिथि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर अनिल, कॉलेज चेयरमैन



समालखा. पाइट कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह में डिग्री देते अतिथि।

हरिओम तायल, सुरेश तायल, राकेश तायल, प्रोफेसर वीके वेहरा, प्रोफेसर सीपी सिंह, श्रीराम निवास गुप्ता, आरएस चौधरी, राजीव तायल, प्रतीक तायल, एसके खन्ना, एससी गुप्ता, विक्रम बाली, प्रियंका, योगेंद्र कटारिया, संदीप अरोड़ा, राची, रेनू, सुनील ढुल, राजन सलूजा, अमित दूबे आदि मौजूद रहे।

# DAINIK JAGRAN 29/01/2018

# बाज की तरह छात्रों को धक्का दें शिक्षक

## पाइट में मना दीक्षांत समारोह, एआइसीटीई के चेयरमैन दत्तात्रेय बुद्धे ने किया जागरूक

जागरण संवाददाता, समालखा: जीटी रोड स्थित पाइट संस्थान के दीक्षांत समारोह में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) के चेयरमैन अनिल दत्तात्रेय सहस्त्र बुद्धे ने कहा कि विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह को शिक्षा की समाप्ति नहीं मानना चाहिए।

ज्ञान और सोच के संवर्द्धन के लिए हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा और सीखने का कभी अंत नहीं होता। उन्होंने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बाज पक्षी अपने छोटे बच्चे को उड़ते समय आकाश में ऊपर उड़ने के लिए धक्का देता रहता है। शिक्षकों को चाहिए की वे अपने विद्यार्थियों के लिए बाज बनें, जिससे वे अधिक ऊंचाई तक पहुंचें। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा के अनुसार विकास के पथ पर आगे बढ़ने को कहा, जिससे देश और समाज का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच रखने वाला व्यक्ति कभी हार नहीं मानता है। दो सालों में हर बार तकनीकी में बदलाव आता है। हमें नए चैलेंज के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। विपरीत परिस्थितियों में कठिन निर्णय लेना ही बहादुरी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने यह साबित कर दिखाया है। उनके द्वारा शुरू की गई स्टार्ट अप, स्टैंड अप, कौशल विकास, स्वच्छता, नोटबंदी, बेटी बचाओ, मुद्रा ऋण आदि योजनाएं रंग दिखा रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपनी मेहनत के बल बूते देश को दुनिया में अव्वल बनाने में मदद दें। उन्होंने 60 विद्यार्थियों को डिग्री देकर सम्मानित किया।



दीक्षांत समारोह में छात्रा को डिग्री देते मुख्यातिथि अनिल दत्तात्रेय बुद्धे ● जागरण

**इन्होंने किया स्वागत :** प्रबंधक हरिओम तायल, सदस्य सचिव सुरेश तायल व राकेश तायल, प्रो० वीके बेहरा, प्रो० सीपी सिंह, राम निवास गुप्ता, आर एस चौधरी, राजीव व प्रतीक तायल, डॉ. बीबी शर्मा, डा. केके पालीवाल, एसके खन्ना ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार एलआर बवेजा, डा. एस सी गुप्ता, डॉ. विक्रम बाली, डॉ. विनय खत्री, अमित दुवे, राजन सलूजा, रोहित शर्मा, संदीप अरोड़ा, शची और रेनू, ओपी रनोलिया मौजूद रहे।

DAINIK BHASHKAR 25/01/2018

पहली बार देशभर में इंजीनियरिंग का समान पाठ्यक्रम

# 220 की जगह 160 क्रेडिट होंगे, इसमें 14 प्रैक्टिकल के, इंटर्नशिप जरूरी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

अब पूरे देश में इंजीनियरिंग और प्रबंधन कॉलेजों (आईआईएम को छोड़कर) के अंडरग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट एवं एमबीए कोर्सेज के एक समान पाठ्यक्रम होंगे। ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) ने बुधवार को पहली बार यूनिफॉर्म सिलेबस जारी किया है। इसमें इंडस्ट्री की मांग के अनुसार थ्योरी के बजाए प्रैक्टिकल पर जोर दिया गया है। यह 2018-2019 सत्र से लागू होगा। इंजीनियरिंग के अंडरग्रेजुएट कोर्स में 220 की जगह अब 160 क्रेडिट होंगे। वहीं, पीजी में 60 से 144 की जगह 68 क्रेडिट होंगे। एमबीए और पीजीडीएम कोर्स के लिए 120 क्रेडिट तय किए गए हैं। इंटर्नशिप के 14 क्रेडिट होंगे, अभी 16 से 18 क्रेडिट होते हैं। शेष | पेज 9 पर

## दसवीं से ही छात्रों को मिलेगी स्किल एजुकेशन

एआईसीटीई चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे ने बताया कि अब दसवीं के छात्र भी स्किल एजुकेशन में डिप्लोमा ले सकेंगे। यह डिप्लोमा उन्हीं इंस्टीट्यूट में मिलेगा, जो इसे चलाएंगे। बैचलर ऑफ वोकेशनल कोर्स यूनिवर्सिटी स्तर पर शुरू किए जाएंगे। दसवीं पास के लिए दो वर्षीय डिप्लोमा ऑफ वोकेशनल कोर्स और जो दसवीं उत्तीर्ण नहीं हैं, उनके लिए डिप्लोमा ऑफ स्किल कोर्स शुरू किया जाएगा।

## 220 की जगह 160...

एक क्रेडिट के लिए 40 से 45 घंटे की इंटर्नशिप होगी। अभी इंटर्नशिप के लिए कोई घंटा तय नहीं है। वहीं, इंजीनियरिंग के छात्रों को 4-6 सप्ताह की समर इंटर्नशिप कराई जाएगी। पहले साल में यह इंस्टीट्यूट में होगी, जबकि दूसरे साल में औद्योगिक क्षेत्र, कंपनी, एनजीओ या सामाजिक क्षेत्र में कराई जाएगी। हर इंस्टीट्यूट अपने बजट का 1 फीसदी ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल पर खर्च करेगा। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने नया पाठ्यक्रम जारी करते हुए कहा कि अब इंटर्नशिप के फर्जी प्रमाण-पत्र नहीं चलेंगे। पांच लाख छात्रों के लिए इंटर्नशिप का खाका तैयार किया गया है। इससे उन्हें तकनीकी के साथ व्यावहारिक ज्ञान तो मिलेगा ही, बेहतर प्लेसमेंट भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि अभी 40-50 साल पुराने कोर्स इंजीनियरिंग में पढ़ाए जा रहे हैं। अब इसमें हर साल बदलाव किए जाने की जरूरत है। जितने भी निजी या सरकारी इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट हैं वो अगर कोर्स में एड ऑन करेंगे तो इसकी सूचना एआईसीटीई को देनी होगी।

**शिक्षा का बजट बढ़ेगा, कई घोषणाएं होंगी**

स्वीपर की जॉब निकलती है तो इंजीनियर और ग्रेजुएट आवेदन करते हैं। इंजीनियरिंग की पढ़ाई उन्होंने ऐसी नहीं की, जो इंडस्ट्री की मांग पूरी करे। सरकार शिक्षा का बजट बढ़ाने जा रही है। कई घोषणाएं बजट में होंगी।

**-प्रकाश जावड़ेकर, केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री**